मत्स्यवाणी

वर्ष—3 अंक—2 माह—दिसंबर, 2024

मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

मुख्य संरक्षक

डॉ इन्द्रजीत सिंह

कुलपति

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

संरक्षक

श्री मनीष कुमार, IAS

मत्स्य निर्देशक, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

बिहार सरकार ,पटना

सम्पादक मण्डल

मुख्य संपादक	सम्पादक	प्रबंध सम्पादक
डॉ वी पी सैनी अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज (बिहार)	**तापस पॉल** सहायक प्राध्यापक मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज (बिहार)	**डॉ नरेंद्र कुमार वर्मा** सहायक प्राध्यापक मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज (बिहार)

सदस्य संपादकीय मण्डल

श्री दिलीप कुमार सिंह संयुक्त निदेशक मत्स्य पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार ,पटना	**डॉ० टुन टुन सिंह** व्याख्याता मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना।	**डॉ अभिषेक ठाकुर** सहायक प्राध्यापक मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज(बिहार)	**डॉ ममता सिंह** सहायक प्राध्यापिका मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज(बिहार)

सदस्यता शुल्क

सदस्यता शुल्क

1.व्यक्तिगत सदस्यताः 200 रू/वर्ष
2.संस्थागत सदस्यताः 400 रू/वर्ष
3.किसान सेवा केन्द्रः 300 रू/वर्ष
4.प्रति कापी : 100 रू

खाता विवरण

खाताधारक का नामः College of Fisheries (BASU)
बैंकः एसबीआई, डीकेएसी कैंपस किशनगंज
खाता संख्याः 41625645264
IFSC:SBIN0061241

विज्ञापन दरें

क्र.स.	विवरण	राशि	क्र.स.	विवरण	राशि
1.	अन्तिम पूरा पृष्ठ	10,000	4.	अन्दर पूरा पृष्ठ सामान्य	3,000
2.	मुख्य पृष्ठ के पीछे/अंतिम पृष्ठ के पीछे/अन्दर पूरा पृष्ठ	8,000	5.	अन्दर आधा पृष्ठ सामान्य	2,000
3.	मुख्य पृष्ठ के पीछे/अंतिम पृष्ठ के पीछे/अन्दर आधा पृष्ठ	5,000	6.	अन्दर चौथाई सामान्य पृष्ठ	1,000

सदस्यता , विज्ञापन एवं आलेख के लिए संपर्क

सदस्यता एवं विज्ञापन के लिए	आलेख के लिए
डॉ नरेंद्र कुमार वर्मा सहायक प्राध्यापक, मात्स्यिकी महाविद्यालयए किशनगंज (बिहार) 855107 मो०:7523085610 ई—मेलः—matsyavani@gmail.com	**तापस पॉल** सहायक प्राध्यापक, मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज (बिहार) 855107 **मो०**:7006414883 **ई—मेलः**—matsyavani@gmail.com

कवर डिजाइनः— श्री तुषार कुमार (फोटोग्राफर) मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज (बिहार)

सम्पादकीय

मत्स्यवाणी का यह अंक अत्यंत हर्ष और गर्व के साथ प्रस्तुत करते हुए यह विश्वास प्रकट करता है कि यह प्रयास देश के मत्स्य कृषकों के लिए उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा। यह पत्रिका विशेष रूप से हिंदी भाषा में तैयार की गई है, जिससे हमारे ग्रामीण क्षेत्र के मत्स्य पालक भाई–बहन आसानी से इसे पढ़ सकें, समझ सकें और अपने व्यवसाय में नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी को आत्मसात कर सकें।

आज मत्स्य पालन केवल एक परंपरागत व्यवसाय न रहकर, एक सशक्त उद्यम के रूप में उभर रहा है, जो न केवल पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करता है। इस संदर्भ में जानकारी का समय पर और सरल भाषा में प्रचार–प्रसार अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह पत्रिका इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आरंभ की गई है कृ जिससे कि वैज्ञानिक अनुसंधानों, आधुनिक तकनीकों, नीति–निर्देशों एवं सफल मत्स्य पालकों के अनुभवों को हिंदी भाषा में जनसामान्य तक पहुँचाया जा सके।

इस अंक में आपको तालाब निर्माण, जल गुणवत्ता प्रबंधन, रोग नियंत्रण, समेकित मत्स्य पालन, एवं बाजार से जुड़ी उपयोगी जानकारी के साथ–साथ नवीनतम सरकारी योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। हम आशा करते हैं कि यह सामग्री मत्स्य पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने में कृषकों की मदद करेगी।

हम मत्स्यवाणी को केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि एक संवाद का माध्यम मानते हैं कृ जो मछली पालकों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं एवं उद्यमियों को जोड़ने का कार्य करेगा। हम पाठकों से आग्रह करते हैं कि वे अपने अनुभव, सुझाव एवं समस्याओं को हमारे साथ साझा करें ताकि हम भविष्य में और अधिक उपयोगी एवं व्यवहारिक सामग्री प्रस्तुत कर सकें।

अंत में, हम उन सभी लेखकों, संपादकों, अनुवादकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सतत प्रयास से यह पत्रिका संभव हो पाई है।

डॉ. वी पी सैनी

इस अंक के आलेख

आलेख	पृ.सं.
तालाब निर्माण से सम्बंधित सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न एवं उनके उत्तर– **ममता सिंह एवं वेद प्रकाश सैनी**	1–6
बत्तख– सह मछली पालनः एक लाभकारी जलकृषि पालन पद्धति– **अभिषेक कुमार विवेक कुमार डॉ. नरेश राज कीर राजकमल मिश्रा**	7–10
सजावटी मछली पालनः आजीविका सुरक्षा के लिए एक वैकल्पिक मार्ग– **सचिन ओंकार खैरनार, संगीता कुमारी एवं ऐश्वर्या शर्मा**	11–14
कीट मीलः आहार में प्रोटीन स्रोत का एक विकल्प– **संगीता कुमारी, सोनिया, नरेश राज कीर एवं उदय कुमार**	15–17
मछली के लिए जीवित खाद्य जीवों का महत्व– **नरेश राज कीर, उदय कुमार, संगीता कुमारी, अभिषेक कुमार**	18–20
जलीय कृषि में सूक्ष्म शैवाल "स्पिरुलिना" की भूमिका– **मयूरी नाग, भौतिक सावलीया, मेकला स्नेहा, सौरव कुमार**	21–23
पर्यावरणीय डीएनएः मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बेहतर बनाने का एक नया तरीका– **सुप्रिया रानी, तनुजा कुलश्रेष्ठ**	24–27
मत्स्य और मत्स्य उत्पादों में मूल्य संवर्धन– **मोहम्मद अमन हसन, परमानंद प्रभाकर, पूजा सकलानी, अभिषेक ठाकुर**	28–30
समुद्री शैवाल के स्वास्थ्य लाभ– **डॉ. अमन दिवाकर**	31–32
बिहार में किसान उत्पादक संगठन (एफ पी ओ): विकास, चुनौतियां और संभावनाए – **सबा एन रेशी, रवि शंकर कुमार, तेंजी पेम भुटिया**	33–36
मखाना की खेतीः आय का एक स्त्रोत– **नरेंद्र कुमार वर्मा**	37–40

ई–समाधान

मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज आपके द्वार

उद्देश्य मत्स्य पालन में होने वाली तकनीकी बाधाओं का उचित समाधान कर किसान भाईयो को होने वाले नुकसान से बचाना।
किसानों को घर/फार्म पर ही हर सम्भव तकनीकी सलाह उपलब्ध कराना।

कार्यक्रम का दिन व समय

माह के प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय शनिवार

शाम 4:00 बजे

ज़ूम लिंक:

आईडी: 5579372803 कुंजिका: CoFK zoom

मात्स्यिकी महाविद्यालय

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

अर्राबारी, जिला: किशनगंज – 855107

मो: 7523085610 या 7976237240

Email: deancof-basu.bih@gov.in ; Web: basu.org.in

तालाब निर्माण से सम्बंधित सामान्यत: पूछे जाने वाले प्रश्न एवं उनके उत्तर

ममता सिंह एवं वेद प्रकाश सैनी
मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)

प्रश्न 1: मछली पालन फार्म पर कौन कौन से तालाब होने चाहिए?

उत्तर: मछली पालन फार्म पर विभिन्न प्रकार जैसे, नर्सरी तालाब (Nursery pond), रियरिंग तालाब (Rearing pond), उत्पादन तालाब (Production pond) एवं प्रजनक तालाब (Brooder pond) होते हैं। एक आदर्श फार्म पर इन तालाबों का विस्तार एवं विवरण निम्न प्रकार होता है :

(1) नर्सरी तालाब (Nursery pond)– 4 प्रतिशत
(2) रियरिंग तालाब (Rearing pond)– 11 प्रतिशत
(3) उत्पादन तालाब (Production pond)– 60 प्रतिशत
(4) प्रजनक तालाब (Brooder pond)– 25 प्रतिशत

प्रश्न 2: नर्सरी तालाब का साइज कितना होना चाहिए और इसका उपयोग क्या है ?

उत्तर: फार्म पर नर्सरी तालाब का आकार सबसे छोटा होता हैं अत: इनकी लम्बाई 12 मीटर, चौड़ाई 6 मीटर तथा गहराई 1 मीटर होती हैं। नर्सरी तालाब का उपयोग मुख्यत: अण्डे से निकलने वाले हेचलिंग अथवा जीरा रियरिंग के लिए किया जाता है। नर्सरी तालाब में हेचलिंग अथवा जीरा का संचय 5–10 मि./हे. की दर से 2–3 सप्ताह के लिए किया जाता हैं तब तक यह वृद्धि करके 2.5–3.9 सेमी आकार के फ्राई अथवा पोना बन जाते हैं जिनको रियरिंग तालाब अथवा उत्पादन तालाब मे स्थानान्तरित कर देते हैं।

प्रश्न 3: रियरिंग तालाब का साइज कितना होना चाहिए और इसका उपयोग क्या है ?

उत्तर: रियरिंग तालाब नर्सरी तालाब से अपेक्षाकृत बड़े होते हैं तथा इनका आकार 25 x 12 x 1 मीटर होता है। इस तालाब मे फ्राई (> 4 सेमी) का सचंय कर उनकी 2 महीने तक रियरिंग करते हैं तब तक फ्राई अंगुलिकाओं (4–10 सेमी) के रूप में विकसित हो जाती है तथा इनको उत्पादन तालाब मे स्थानान्तरित कर देते हैं।

प्रश्न 4: उत्पादन तालाब का साइज कितना होना चाहिए और इसका उपयोग क्या है ?

उत्तर: मत्स्य अंगुलिकाओं को उत्पादन तालाब में संचय करते हैं तथा उनकों बाजार में बेचे जाने की अवस्था तक पालन करते हैं। इस तालाब का आकार 0.1–2.0 हैक्टेयर तथा गहराई 1.5– 2.5 मीटर होती है। बड़े आकार के तालाबो का प्रबन्धन करने में परेशानी आती हैं अत: छोटे आकार के तालाब ही मछली पालन के लिये उपयुक्त रहते हैं।

प्रश्न 5: तालाब निर्माण के लिए जगह का चुनाव करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तर: तालाब निमार्ण के लिए स्थान का चयन निम्नांकित बातों को ध्यान मे रखकर करते हैं :

1. तालाब निर्माण हेतु उपयोग की जाने वाली मृदा में तीन आवश्यक गुण जैसे अपारगम्यता, बान्धने की क्षमता और दबाव अवरोधक क्षमता अवश्य होने चाहिऐ।
2. भूमि पथरीली तथा 2.0–2.5 मीटर गहराई तक बालू अथवा बड़े पत्थर नहीं होने चाहिए।
3. तालाब से पानी का निकास सुगमता से हो सके इसके लिये भूमि मन्द ढलान वाली होनी चाहिए।
4. भूमि में मृदा और बजरी का अनूपात 9:1 से अधिक नही होनी चाहिए।
5. मृदा का पीएच 6.5–8.5, नाइट्रोजन 0.1 प्रतिशत, फॉस्फेट 0.01 प्रतिशत और कार्बन 1.0 प्रतिशत होना चाहिए।
6. भूजल स्तर अधिक नीचे नहीं होना चाहीए, अन्यथा ग्रीष्म ऋतु में तालाब से पानी का रिसाव अधिक होगा।

7. भूमि में जल रिसाव की दर 1.0 से 1.5 मीटर प्रति वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
8. जल स्त्रोत की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।

प्रश्न 6: तालाब निर्माण के लिए मिट्टी की कौन कौन सी जाँच करवानी चाहिए ?

उत्तर: मछली पालको को तालाब निर्माण से पहले मिट्टी की जांच प्रयोगशाला में करानी चाहिए तथा कुछ साधारण तरीके भी है जिनसे मछली पालक अपने स्तर पर भी मिट्टी की जांच कर सकता है।

(1) मिट्टी की संरचना

मिट्टी तालाब के निर्माण के लिये उपयुक्त है या नहीं इसका निर्णय करने में मिट्टी की संरचना एक मुख्य पहलू है तथा उपयुक्त प्रकार की संरचना का पता निम्नलिखित विधि द्वारा लगाया जा सकता है। जिस जगह तालाब बनाना है उस स्थान की मिट्टी को मुट्ठी में दबा कर गोला बनाये। इस गोले को लगभग 1.5 फुट तक उछाले अगर गोला टुट जाता है तो समझना चाहिए कि यह मिट्टी तालाब के निर्माण के लिये उपयुक्त नही है इसमें काफी मात्रा में बालु है। अगर गोला नही टुटता है तो मिट्टी तालाब के निर्माण के लिये उपयुक्त है क्याकि इसमें समुचित क्ले है ।

(2) क्ले और सिल्ट की पहचान

क्ले और सिल्ट, दोनों प्रकार की मिट्टी आपस में काफी समान होती है परन्तु जब बांध निर्माण के लिये इनका उपयोग किया जाता हैं तो अलग अलग स्वभाव प्रकट करती है। सिल्ट में चिपकने की शक्ति कम होती है तथा जब इसे भिगोया जाता है तो काफी अस्थिर होती हैं जबकि क्ले काफी स्थिर रहती है। इनके स्वभाव को जांचने के लिये निम्नलिखित विधि का उपयोग कर सकते है।

- मिट्टी का नमुना लेकर उसे भिगोयें
- भीगी हुई मिट्टी से एक गोल चपटा आकार बनाए जिसका व्यास 8 सेमी और मोटाई 1.5 सेमी होनी चाहिए।
- इसको हाथ में लेकर देखे अगर सतह बहुत चिकनी नही हो तो क्ले हैं और सतह चमकदार हो तो सिल्ट है।
- मिट्टी के इस आकार को अंगुलियों में लेकर पुनः सतह जांच करे अगर दबाने पर पुनः सतह चमकदार न लगे तो यह सिल्ट है।
- मिट्टी के इस आकार को पूरी तरह सूखने दे सूखने के पश्चात अंगुलियों से रगड़ने पर मिट्टी निकले तो यह सिल्ट और मिट्टी नही निकले तो यह क्ले है।

(3) मिट्टी की पारगम्यता की जांच

तालाब से पानी का रिसाव कम हो इसके लिये आवश्यक है कि तालाब की मिट्टी अपारगम्य हो क्योंकि इस अपारगम्य मिट्टी पर बनने वाले तालाब पर खर्च भी बहुत कम आता है। विभिन्न प्रकार की मिट्टी की औसत पारगम्यता का वर्णन निम्न प्रकार हैं।

(1) बालुई मिट्टी : 5.0 सेमी प्रति घण्टा
(2) बालुई लोम : 2.5 सेमी प्रति घण्टा
(3) लोम : 1.3 सेमी प्रति घण्टा
(4) क्ले लोम : 0.8 सेमी प्रति घण्टा
(5) सिल्टी क्ले : 0.25 सेमी प्रति घण्टा
(6) क्ले : 0.05 सेमी प्रति घण्टा

(4) मिट्टी की पारगम्यता जांच की विधि

(1) प्रस्तावित स्थान पर 1 ग 1 ग 1 मीटर का एक गड्डा बना ले।
(2) सुबह के समय गड्डा पानी से भर कर खुला छोड दे।
(3) शाम होने तक इस गड्डे से पानी की कुछ मात्रा वाष्पित हो जाती हैं जिसे अंकित कर लेते हैं।
(4) इस गड्डे को पुनः पानी से भर देते है तथा उसे लकड़ी एवं पत्तो से ढक देते है।
(5) सुबह होने तक गड्डे सें होने वाले पानी के रीसाव की मात्रा अंकित करते हैं।

अगर पानी का रीसाव कम मात्रा में होता है तो यह स्थल तालाब निर्माण के लिये उपयुक्त हैं तथा उपरोक्त विधि को कई जगहों पर दोहराने के पश्चात ही अन्तिम निर्णय लिया जाता हैं।

प्रश्न 7: तालाब के बांध निर्माण के समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तरः तालाब का बांध निर्माण काफी महत्वपूर्ण कार्य है इसके सही निर्माण और देखभाल पर ही तालाब का भविष्य निर्भर करता हैं। निर्माण हेतु चुनी गई भूमि पर लगे पेड़ पौधों और खरपतवारों को अच्छी तरह साफ कर एवं जड़ों को पूरी तरह निकाल कर मिट्टी की लगभग 15–20 सेंटीमीटर ऊपरी सतह पूरे क्षेत्र से एकत्र कर ले जिसका उपयोग तालाब की उत्पादकता बढानें में किया जाता है। इसके उपरान्त मिट्टी की कटाई करा कर चारों ओर के बांधों पर डालें। बांध निर्माण में बांध की पूरी चौडाई तक मिट्टी डालनी चाहिये व बांध निर्माण निर्माण के समय हर एक फीट मिट्टी डालने के बाद उस पर पानी छिड़क कर पीट पीट कर दबाना चाहिये। जब मिट्टी की परत लगभग 50 सेंटीमीटर मोटी हो जाये तो उसे अच्छी तरह दबाना चाहिए। मिट्टी डालते समय यह ध्यान रखे की दोनों किनारों से लगभग 30 सेंटीमीटर जगह छोड कर लगभग 50 सेंटीमीटर मोटी मिट्टी की परत चारों और बांधों पर ड़ाले। छोटे तालाबों जैसे नर्सरी आदि में आधार और ऊंचाई का अनुपात 1:1 से कम नही रखना चाहिए और बड़े आकार के सचंय तालाबों में आधार अैार ऊंचाई का अनुपात 2.3:1 रखने से बांधों की मिट्टी नही खिसकती है। मिटटी साधारण हो जैसे रेतीली चिकनी तो आधार 1–1.5 और ऊंचाई 1, दुमट (हलकी भुरभुरी मिट्टी) हो तो आधार 2 और ऊंचाई 1, यदि मिट्टी रेतीली दुमट (हल्की बलुई) हो तो आधार 3 और ऊंचाई 1 मीटर रखनी चाहिये।

प्रश्न 8: तालाब के बांध निर्माण के लिये मिट्टी की जांच

उत्तरः तालाब का बांध सभी प्रकार की मिट्टी से नहीं बनाया जा सकता। बांध बनाने के लिये मिट्टी की उपयुक्तता की जांच की सरल विधि अग्रांकित हैं:

(1) मिट्टी के नमुने को पानी मे भिगोये तथा मुलायम होने तक गुथें।

(2) मिट्टी से 10 सेमी की गोली बनायें।

(3) गोली को 60 सेमी गहरे पानी में डाले।



चित्रः तालाब निर्माण के लिए बनाये जाने वाले बान्ध की संरचना

(4) गोली को पानी में देखते रहे अगर गोली कुछ घण्टों में टुट कर बिखर जाए तो यह मिट्टी बांध निर्माण के लिये उपयुक्त नहीं है और यदि गोली 24 घण्टों तक टुट कर बिखरे नही तथा ठीक रहे तो यह मिट्टी बांध निर्माण के लिये अच्छी है।

प्रश्न 9: मछली फार्म पर विभिन्न प्रकार के तालाबों का श्रेत्रफल क्या होना चाहिए ?

उत्तरः तालाब का क्षेत्रफल उसके उपयोग अथवा बनाने के उद्देश्य पर निर्भर करता हैं। साधारणतः नर्सरी तालाब ;छनतेमतल चवदकद्ध 0.01 हैक्टेयर, रियरिंग तालाब ;त्मंतपदह चवदकद्ध 0.1 हैक्टेयर एवं उत्पादन तालाब ;च्तवकनबजपवद चवदकद्ध 0.5–2. हैक्टेयर का अधिक उपयोगी रहता है।

प्रश्न 10: मछली फार्म पर विभिन्न प्रकार के तालाबों का आकार क्या होना चाहिए ?

उत्तरः तालाब निर्माण में होने वाले खर्च पर तालाब के आकार का सीधा प्रभाव पड़ता है। साधारणतया आयताकार तालाब निर्माण में कम खर्च होता है साथ ही ऐसे तालाब का प्रबन्धन भी आसान रहता है। तालाब की लम्बाई उसकी चौड़ाई की कम से कम दुगनी होनी चाहिए व चौड़ाई 50 मीटर से अधिक नही रखनी चाहिए।

प्रश्न 11: मछली फार्म पर विभिन्न प्रकार के तालाबों की गहराई क्या होनी चाहिए ?

उत्तरः तालाब की गहराई का सीधा सम्बंध उसकी उत्पादकता से है तालाब को बहुत अधिक उथला अथवा गहरा नही बनाना चाहिये साधारणतः तालाब की गहराई इतनी होनी चाहिए कि उसकी तली

तक सूर्य का प्रकाश आसानी से पहुंच सके इसलिये तालाब की गहराई 1.5 से 2.0 मीटर रखी जाती है।

प्रश्न 12: मछली फार्म पर विभिन्न प्रकार के तालाबों के तल की बनावट कैसी होनी चाहिए ?

उत्तरः मछली पालन तालाब में पानी भरने से पहले इसके तल को अच्छी तरह समतल कर इसका ढलान एक कोने मे कर लेना चाहिए।

प्रश्न 13: तालाब भरने के लिए कितना पानी चाहिए?

उत्तरः 1 मीटर गहराई के एक एकड़ तालाब में लगभग 10 लाख लीटर पानी भरता है। तालाब को पूरा भरने और पालन के लिए पानी की सतत उपलब्धता जरूरी है। मानसून के दौरान वर्षा जल से भरने की व्यवस्था करनी चाहिए। जल स्रोत पास में हो तो जल प्रबंधन आसान होता है।

प्रश्न 14: तालाब कहाँ और कैसे बनाना चाहिए?

उत्तरः तालाब खेत के निचले हिस्से में बनाना चाहिए जहां जल स्वतः एकत्र हो सके। ऐसे स्थान का चयन करें जो जल स्रोत के पास और सूरज की रोशनी से भरपूर हो। तालाब के पास इनलेट व आउटलेट की व्यवस्था होनी चाहिए।

प्रश्न 15: क्या वर्षा जल का उपयोग किया जा सकता है?

उत्तरः हाँ, वर्षा जल तालाब भरने के लिए एक अच्छा स्रोत है। इसके लिए खेत में जलग्रहण क्षेत्र या छोटी–छोटी बंधी बनानी चाहिए। जल संग्रहण से भूजल रिचार्ज भी होता है और जल बचत होती है। वर्षा जल के साथ मिट्टी का बहाव रोकना भी जरूरी है।

प्रश्न 16: क्या मिट्टी और पानी की जांच आवश्यक है?

उत्तरः हाँ, मिट्टी और पानी की जांच से उनकी गुणवत्ता का पता चलता है। पानी का pH घुलित ऑक्सीजन, पारदर्शिता व अमोनिया स्तर मछलियों पर प्रभाव डालते हैं। मिट्टी की उर्वरता से प्लवकों की वृद्धि और मछलियों का पोषण तय होता है। जांच स्थानीय मत्स्य विभाग या कृषि विज्ञान केंद्र से करवाई जा सकती है।

प्रश्न 17: तालाब में रिसाव हो तो क्या करें?

उत्तरः रिसाव रोकने के लिए चिकनी मिट्टी की परत दबाकर बिछाएं। एचडीपीई या एलडीपीई लाइनर का उपयोग भी रिसाव रोकने में कारगर है। गोबर की खली या बेंटोनाइट क्ले का प्रयोग प्राकृतिक सीलिंग में होता है।

प्रश्न 18: तालाब निर्माण में कौन–कौन सी सामग्री लगेगी?

उत्तरः श्रब्ठ/ट्रैक्टर से खुदाई, पीवीसी पाइप, चूना, गोबर की खाद, एचडीपीइ शीट जरूरी सामग्री हैं। बांध की मजबूती के लिए बांस या ईंट का उपयोग किया जा सकता है। इनलेट–आउटलेट सिस्टम के लिए पाइप व वाल्व की व्यवस्था रखें। कुछ क्षेत्रों में सोलर पंप या एयरेटर की भी जरूरत हो सकती है।

प्रश्न 19: क्या तालाब निर्माण पर सरकार से अनुदान मिलता है?

उत्तरः हाँ, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत अनुदान मिलता है। एससी एयूआर एसटी और महिलाओं को अधिक प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। अनुदान पाने के लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन और पंजीकरण आवश्यक है। राज्य योजनाएं भी अलग से चल रही होती हैं, जिसकी जानकारी स्थानीय मत्स्य कार्यालय से लें।

प्रश्न 20: क्या तालाब का पानी सिंचाई में प्रयोग किया जा सकता है?

उत्तरः हाँ, मछली पालन के बाद बचा हुआ पानी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इससे खेतों को सिंचाई मिलती है और उर्वरक की आवश्यकता कम होती है। तालाब–कृषि एकीकरण से पानी की बचत और उत्पादकता दोनों बढ़ती है। तालाब के निकासी पाइप से सिंचाई की सुविधा आसानी से की जा सकती है।

प्रश्न 21: तालाब की मरम्मत कितनी बार करनी चाहिए?

उत्तरः हर साल तालाब को सूखा कर किनारों की मरम्मत और तल की सफाई करें। हर 3-5 वर्षों में तलछट निकालना लाभदायक होता है। अगर पानी का रिसाव बढ़े या दीवार कमजोर हो, तो तत्काल मरम्मत करें। नियमित देखभाल से तालाब लंबे समय तक उपयोगी बना रहता है।

प्रश्न 22: तालाब का सबसे अच्छा आकार कौन सा होता है?

उत्तरः तालाब का सबसे उपयुक्त आकार आयताकार (Rectangle) होता है। इससे खुदाई, रख–रखाव, जल का प्रबंधन और मछली पकड़ना आसान होता है। आयताकार तालाब में जल प्रवाह संतुलित रहता है और ऑक्सीजन वितरण बेहतर होता है। गोल या अनियमित आकार से किनारों का क्षरण और प्रबंधन में कठिनाई हो सकती है।

प्रश्न 23: क्या तालाब का गोल या वर्गाकार आकार उपयोगी है?

उत्तरः गोल तालाब में जल का एकसमान प्रवाह और मछली पकड़ने में कठिनाई होती है। वर्गाकार तालाब छोटे आकार में तो ठीक है, लेकिन बड़े आकार में कोनों में गंदगी जम सकती है। इन दोनों आकारों में मशीन से खुदाई और जल प्रबंधन मुश्किल होता है। व्यावसायिक मछली पालन के लिए आयताकार तालाब सबसे उपयुक्त माना जाता है।

प्रश्न 24: तालाब का लंबाई और चौड़ाई का अनुपात क्या होना चाहिए?

उत्तरः तालाब की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात सामान्यतः 3:1 या 4:1 होना चाहिए। जैसे अगर चौड़ाई 10 मीटर है तो लंबाई 30 या 40 मीटर रखी जाती है। इस अनुपात से जल प्रवाह अच्छा बना रहता है और मछलियाँ समान रूप से फैलती हैं। यह संरचना बंध बनाते समय भी स्थिर और टिकाऊ मानी जाती है।

प्रश्न 25: तालाब का आकार उत्पादन पर कैसे प्रभाव डालता है?

उत्तरः सही आकार के तालाब में जल प्रबंधन, चारा वितरण और मछली पकड़ना सरल होता है। इससे मछलियों को पर्याप्त ऑक्सीजन और भोजन मिलता है, जिससे वृद्धि बेहतर होती है। गलत आकार के तालाब में मछलियाँ कोनों में जमा हो सकती हैं, जिससे ऑक्सीजन की कमी होती है। इसलिए तालाब का वैज्ञानिक आकार सीधे उत्पादन क्षमता को प्रभावित करता है।

प्रश्न 26: क्या मिट्टी की प्रकृति के अनुसार तालाब का आकार बदलता है?

उत्तरः हाँ, यदि मिट्टी चिकनी है और रिसाव कम है तो गहराई और आकार बढ़ाया जा सकता है। रेतीली या मिश्रित मिट्टी में चौड़ाई बढ़ाकर और ढलान कम रखकर रिसाव को रोका जाता है। ढलान और बांध की मजबूती मिट्टी की स्थिति के अनुसार तय की जाती है। इसलिए मिट्टी की जांच के बाद ही तालाब का अंतिम आकार तय करना चाहिए।

प्रश्न 27: क्या छोटे आकार के तालाब भी लाभदायक हो सकते हैं?

उत्तरः हाँ, यदि तकनीकी ढंग से पालन किया जाए तो छोटे तालाब भी बहुत लाभ दे सकते हैं। 1000 से 2000 वर्गमीटर तक के तालाबों में मिश्रित मछली पालन संभव है। छोटे तालाबों में प्रबंधन आसान होता है और जोखिम कम रहता है। आधुनिक तकनीक (जैसे बायोफ्लॉक या रीसर्कुलेशन) से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

प्रश्न 28: तालाब का आकार खेत की ढलान के अनुसार कैसे तय करें?

उत्तरः यदि खेत में ढलान है, तो लंबाई ढलान की दिशा में रखें ताकि जल स्वतः एकत्र हो। ढलान का फायदा उठाकर जल निकासी और भराव में सुविधा मिलती है। असमान भूमि में टेढ़े–मेढ़े आकार से बचना चाहिए, यह प्रबंधन में दिक्कत देता है। ढलान के अनुसार बंधों की ऊंचाई भी समायोजित करनी पड़ती है।

प्रश्न 29: अगर भूमि असमान हो तो तालाब का आकार कैसे बनाएं?

उत्तरः भूमि समतल नहीं हो तो लेवलिंग करवा कर आयताकार तालाब बनाना उचित रहता है। जरूरत

पड़े तो दो छोटे तालाब बनाकर जल प्रवाह को नियंत्रित किया जा सकता है। कहीं–कहीं सीढ़ीनुमा तालाब भी बनाए जाते हैं, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में। भू–आकृति के अनुसार डिज़ाइन बनाने में विशेषज्ञ की सलाह जरूरी होती है।

प्रश्न 30: तालाब के आकार का चयन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तरः भूमि की उपलब्धता, मिट्टी की गुणवत्ता, जल स्रोत, और उपयोग का उद्देश्य ध्यान में रखें। अगर व्यावसायिक पालन है तो गहरा और बड़ा तालाब बनाएं; घरेलू उपयोग के लिए छोटा काफी है। पास के खेतों की जल निकासी और सिंचाई की व्यवस्था भी देखना जरूरी है। इन सभी के आधार पर ही तालाब का सही और उपयोगी आकार तय किया जाता है।

प्रश्न 31: तालाब के किनारों का डिजाइन तालाब के आकार पर कैसे निर्भर करता है?

उत्तरः आयताकार तालाबों में किनारों की ढलान समान रखने में सुविधा होती है। अनियमित आकार में ढलान असमतल होता है, जिससे कटाव और रिसाव की संभावना बढ़ती है। सही आकार में बंध मजबूत होते हैं और मछलियाँ किनारों तक पहुंच पाती हैं। इसलिए आकार और ढलान का तालमेल जल संरक्षण और सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

प्रश्न 32: तालाब के लिए कोई सरकारी अनुमति चाहिए क्या?

उत्तरः तालाब निर्माण और मछली पालन हेतु कुछ राज्यों में पंजीकरण अनिवार्य है। सरकारी अनुदान के लिए मत्स्य विभाग में आवेदन आवश्यक होता है। पर्यावरण संबंधी शर्तों का पालन करना भी जरूरी हो सकता है। स्थानीय मत्स्य अधिकारी से संपर्क कर सभी नियम जान लें।

प्रश्न 33: तालाब निर्माण में कुल लागत कितनी आती है?

उत्तरः 0.1 हेक्टेयर के तालाब की लागत लगभग ₹1.5–2.0 लाख तक आती है। इसमें खुदाई, सामग्री, जल प्रबंधन, बीज और अन्य उपकरण शामिल हैं। अनुदान मिलने पर 40–60% तक राशि वापस मिल सकती है। लागत स्थान, मिट्टी की स्थिति और संरचना पर निर्भर करती है।

बत्तख– सह मछली पालनरू एक लाभकारी जलकृषि पालन पद्धति

अभिषेक कुमार[1] विवेक कुमार[1] डॉ. नरेश राज कीर[1] राजकमल मिश्रा[2]
[1]मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)
[2]मात्स्यिकी महाविद्यालय, ढोली

मिश्रित मत्स्य पालन पद्धति में परिपूरक आहार एवं खाद/उर्वरक के प्रयोग से उत्पादन मूल्य बढ़ जाता है। छोटे एवं मझले मत्स्य पालकों के लिये ऐसी तकनीक उपयुक्त होती है जिसमें कम भूमि एवं लगात से अधिक उत्पादन एवं लाभ प्राप्त किया जा सके। बत्तख–सह–मत्स्य पालन पद्धति ऐसी ही एक पद्धति है । बत्तख–सह–मत्स्य पालन पद्धति अवशिष्ट पदार्थों के पुनरावर्तन के सिद्धांत पर आधारित है जिसमें मछली पालन के साथ–साथ बतखों को पाला जाता है।

बत्तख–सह–मत्स्य पालन से लाभ

- ❖ मत्स्य पालन में कुल लागत का लभग 50–60 प्रतिशत खर्च केवल मत्स्य आहार पर होता है। बत्तख–सह– मत्स्य पालन में भोजन पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है क्योंकि बत्तखों के अवशिष्ट पदार्थ उर्वरक का कार्य करते है जिससे तालाब में प्लवकों की संख्या एवं तालाब की उत्पादकता बढ़ती है। साथ ही साथ बत्तख बत्तख का जो खाना बच जाता है वह मछलियों के लिये भोजन का कार्य करता है।
- ❖ इस पद्धति में, तालाब में किसी भी प्रकार के कार्बनिक उर्वरक एवं रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार खाद एवं उर्वरक पर होने वाले खर्चों को बचाया जा सकता है।
- ❖ बत्तख तालाब में उपस्थित विभिन्न कीटों, डिम्भकों, टैडपोल आदि को खाती रहती है इस प्रकार यह तालाब को साफ रखने में मददगार होती है।
- ❖ बत्तखों के पानी में तैरने से तथा उनके पंखों की फड़फडाहट से पानी वायु के अधिक सम्पर्क में आता है जिससे पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी होती है।
- ❖ इस पालन पद्धति से एक निश्चित क्षेत्रफल से मछली के अतिरिक्त बत्तख के अंडे एवं मांस प्राप्त होता है जिससे आमदनी में बढ़ोत्तरी होती है।

मत्स्य बीज संचय एवं प्रबंधन

मत्स्य बीच संचय से पूर्व तालाब को मछली पालने के लिये तैयार किया जाता है। इसके अन्तर्गत तालाब को सुखाकर उसमें उपस्थित अवांछनीय कीड़ों, मछलियों एवं खर–पतावारों को निकाल दिया जाता हैं मिट्टी की गुणवत्ता पी0एच0 मान बनाये रखने के लिये एवं संक्रमण से बचाव हेतु चूने का 200–250 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव किया जाता है। अब तालाब में पानी भरने (1.0–1.25 मी० स्तर तक) के पश्चात मत्स्य बीज का संचय किया जाता है। संचय के लिये प्रयोग में आने वाली मुख्य प्रजातियां, कतला, रोहू, मृगल, सिल्वर कार्प, ग्रास कार्प तथा कामन कार्प है। जिनकी 8000–10,000 अंगुलिया/हेक्टेयर की दर से क्रमशः 20:25:15:25:5:20: के अनुपाल में संचय करते है। इस पालन पद्धति में मछलियों को किसी भी प्रकार का परिपूरक आहार नहीं दिया जाता है। मछलियां अपने भोजन की पूर्ति बत्तखों द्वारा तालाब में गिराये गये भोज्य पदार्थों एवं बत्तखों के अवशिष्ट पदार्थों जो कि तालाब में खाद का कार्य करते है, की उपस्थिति से प्रचुर मात्रा में उत्पन्न प्लवकों से करती है। तालाब में समय–समय पर जाल चला कर मछलियों के स्वास्थ्य एवं वृद्धि का आंकन करते रहना चाहिये।

बत्तख पालन हेतु प्रजातियों का चुनाव

अंडे देने वाली मुख्य प्रजातियां खाकी कैम्पबेल (औसतन 300 अंडे/वर्ष) एवं इंडियन रनर (250–280 अंडे/वर्ष) है तथा मांस उत्पादन हेतु सफेद पेकिन, मस्कावी ऐलिसबरी इत्यादि मुख्य प्रजातियां है।

बत्तख घर का निर्माण एवं प्रबंधन

बत्तख घर का निर्माण तालाब के बंधे (मेढ़) पर इस प्रकार करना चाहिये कि बत्तख घर का लगभग दो तिहाई भाग तालाब (पानी) के ऊपर रहे तथा एक तिहाई भाग बंधे पर टिका रहे। बत्तख घर का निर्माण बांस अथवा लकड़ी से किया जा सकता है तथा छत बांस, टीन अथवा किसी भी हल्के एवं टिकाउ पदार्थ से बनायी जा सकती है। बत्तख घर का फर्श बांस की पट्टियों से बनाया जाता है तथा पट्टियों के बीच 1 सेमी जगह छोड़ी जाती है जिससे बतख द्वारा गिराया गया खाना एवं अवशिष्ट पदार्थ सीधे तालाब में चले जाते है। बत्तख घर में प्रकाश, शुद्ध हवा एवं सफाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। बत्तख घर की नाप पाले जाने वाली बत्तखों की संख्या के अनुसार होनी चाहिये। एक बत्तख के लिये लगभग 0.4 वर्ग मी० जगह की आवश्यकता होती है। सफाई हेतु संक्रमणरोधी पदार्थों जैसे चूना आदि का प्रयोग करते रहना चाहिये।

बत्तखों का संचय एवं परिपूरक आहार

मत्स्य तालाब में बत्तखों के 2–4 महीनों के बच्चे रखे जा सकते है। एक हेकटेयर जल क्षेत्र के लिये 300–400 बत्तखें उपयुक्त रहती है। बत्तखों को संचय करने से पूर्व महत्वपूर्ण बीमारियों जैसे डक प्लेग, कालरा इत्यादि से बचाव हेतु टीकारण अवश्य करवा लेना चाहिये। बत्तखों को तालाब में तभी संचय करना चाहिये जब मत्स्य अंगुलिका 10 सेमी० से बड़े आकार की हो जाये क्योंकि मछली के छोटे बच्चों को बत्तख खा जाती है। बत्तखों की समुचित वृद्धि एवं अंडा उत्पादन के लिये परिपूरक आहार देना भी आवश्यक होता है। बत्तखों के लिये बनाया गया परिपूरक आहार प्रोटीन ऊर्जा पोषक तत्व एवं कैल्शियम से युक्त होना चाहिये (तालिका–1) आहार 70–80 ग्राम प्रति बत्तख प्रति दिन के हिसाब से देना चाहिये। बत्तखों को सूखा आहार निगलने में कठिनाई होती है अतः खाने के साथ पानी की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। इसके लिये प्लास्टिक के बने सुविधायुक्त भोजन एवं जल पात्रों का उपयोग किया जाता है।

बत्तख –सह–मत्स्य पालन में स्वास्थ्य प्रबंधन

- मत्स्य तालाब में समय–समय पर चूने का प्रयोग करते रहना चाहिये इससे मछलियों में संक्रमण होने की संभावना कम हो जाती है तथा पीन की गुणवताव भी अच्छे स्तर पर बनी रहती है।
- मछलियों के संक्रमण की अवस्था में उचित रासायनिक पदार्थों जैसे मैलाकाइट ग्रीन, पोटेशियम परमैगनेट तथा जीवाणु नाशक दवाओं का प्रयोग करना चाहिये।
- बीमार एवं मरी हुई मछलियों को तुरन्त तालाब से निकाल कर अलग कर देना चाहिये।
- बत्तखों में रोग के मुख्य कारण संक्रमित खाना एवं पानी संक्रमित भोजन/जल पात्र, दवा का सही समय पर नहीं दिया जाना अनावश्यक रूप से बत्तख घर से अनाधिकृत लोगों का आना–जाना अनावश्यक जंगली पशु पक्षी के सम्पर्क में आना इत्यादि हो सकते है।

बतख–सह–मत्स्य पालन में जैव उत्पादन

बत्तखें 18–20 सप्ताह की उम्र से अंडे देना शुरू कर देती है। बतख के अंडे देने के उपरान्त इनकों जल्दी एकत्र कर लेना उपयुक्त है जिससे अंडे में नमी का क्षय अधिक न हो और अंडे में जीवाणु न पनप सकें। बत्तख–सह–मत्स्य पालन तकनीक द्वारा एक हेक्टेयर के जलक्षेत्र से एक वर्ष में लगभग 3500–4000 कि०ग्रा० मछली, लगभग 18000 अंडे तथा 300–400 कि०ग्रा० बत्तख का मांस प्राप्त किया जा सकता है। इस पद्धति से प्रति हेक्टेयर/वर्ष रू 1.3 से 1.5 लाख तक कुल आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

अवशिष्ट पदार्थों के पुनरावर्तन के सिद्धांत पर आधारित बत्तख–सह–मत्स्य पालन पद्धति को अपनाकर कृषक अपनी सीमित भूमि से एवं कम

संसाधनों के उपयोग से सफलता पूर्वक मत्स्य उत्पादन कर सकता है तथा एक साथ कई लाभ प्राप्त करके अपने परिवार की जीविका को भली भांति चला सकता है।

तालिका–1 बतखों के लिये आहार की संचरना

भोजन का अंश	ग्रोअर (प्रतिशत) (20 सप्ताह तक)	लेयर (प्रतिशत) (अंडा शुरू करने के बाद)
गेहूँ	35	45
ज्वार	35	25
चावल की पॉलिस	15	–
सोयावीन मील	05	10
सरसो की खली	04	08
फिश मील	04	06
मिनरल मिश्रण	02	02
लाईम स्टोन	–	04

इस व्यवसाय में निवेश करना बेरोजगारी एवं गरीबी हटाने में मददगार साबित हो सकता है, क्यूंकि यह शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार से आय अर्जित करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। इससे अच्छा वित्तीय लाभ मिलता है जिसके चलते व्यवसायी अपने सामाजिक और आर्थिक उत्थान में सुधार कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते है। इस कारणवश, बत्तख सह मछली मछली पालन के व्यवसाय को अपनाकर बेरोजगार युवा, शहरी एवं ग्रामीण महिला और किसान अपनी आजीविका का साधन बढ़ा सकते है।

बत्तख सह–मछली पालन (0–4 हे•) की आर्थिकी

(अ)क्रियाशील लागत

क्र. सं.	आदान	संख्या	दर (₹ में)	मूल्य (₹)
1	महुआ की खली	1000 कि.ग्रा.	10.00	10,000.00
2	चूना	200 कि.ग्रा.	5.00	1,000.00
3	मछली बीज	3000 बीज	1.50 रु बीज	4,500.00
4	बत्तख के बच्चे	120	100.00	12,000.00
5	बत्तख का भोजन	3500 कि.ग्रा.	12.00	42,000.00
6	दाना एवं दवाइयाँ		3,000.00	3,000.00
7	मछलियों का निष्कासन			1000.00
8	मजदूरी			36,500.00
कुल क्रियाशील लागत				**1,10,000.00**

(ब)स्थायी लागत

मद	मूल्य (₹)
मूलधन पर ब्याज (10%)	11,000.00
बत्तख बाड़े का वार्षिक अवमूल्यन	1,500.00
कुल स्थायी लागत	**12,500.00**

कुल लागत

कुल (अ + ब): ₹1,22,500.00

सकल आय

स्रोत	मात्रा	दर (₹)	कुल आय (₹)
मछली	1600 कि. ग्रा.	60 रु कि.ग्रा.	96,000.00
बत्तख का मांस	120 कि. ग्रा.	100 रु कि.ग्रा.	12,000.00
बत्तख का अंडा	18000 अंडे	3 रु अंडा	54,000.00
		कुल	**1,62,000.00**

शुद्ध आय और अनुपात

शुद्ध आय: ₹39,500.00

क्रियाशील लागत पर आय का अनुपात: 1:1.47

बत्तख

सजावटी मछली पालनः आजीविका सुरक्षा के लिए एक वैकल्पिक मार्ग

सचिन ओंकार खैरनार, संगीता कुमारी एवं ऐश्वर्या शर्मा
मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)

सजावटी मछलियाँ प्रकृति की अद्भुत रचना हैं। सजावटी मछली पालन विश्व का दूसरा सबसे लोकप्रिय शौक है। पुरे विश्व में इन्हें लोग शौक, मनोरंजन एवं मन की शान्ति के लिए आपने घर, कार्यालय, धार्मिक स्थानो में रखना पसंद करते हैं। सजावटी मछली बाजार का मूल्य लगभग 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। विश्व में 125 से अधिक देशो में सजावटी मछलीयों का कारोबार होता है। सजावटी मछलीयों के निर्यात में जापान अग्रणी है, जिसके बाद, इंडोनेशिया, सिंगापुर हैं। जबकि आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद यूरोप और जापान हैं। इन देशों की बढ़ती मांग के कारण, कई एशियाई देश सजावटी मछलियाँ पकड़ रहे हैं और उनका पालन–पोषण कर रहे हैं।

वैश्विक सजावटी मछली निर्यात में भारत का हिस्सा 0.4 प्रतिशत है एवं निर्यातक देशों में भारत का स्थान 31 वां है। परिणामस्वरूप, इस क्षेत्र से जुड़ी सहायक गतिविधियाँ, जैसे कि पूरक आहार, दवाएँ, रसायन निर्माण और एक्वैरियम सहायता सेवाएँ, प्रजनकों, किसानों, एक्वारिस्ट और अन्य लोगों के लिए व्यवसाय के अवसर प्रदान करती हैं। भारत में सजावटी मछलियों का बाजार लगभग ₹ 600 करोड़ का है, भविष्य में यह व्यापार ₹ 5000 करोड़ के बाजार की संभावना रखता है। यह व्यापार सालाना 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इस में मछलियों की आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक है। संपूर्ण देश में सजावटी मछलियों की 6000 से अधिक दुकाने है और 10 लाख से ज्यादा एक्वैरियम शौकीन हैं। यह व्यापार मुख्य रूप से भारत के तटवर्तीय राज्यों जैसे, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र में होता है, लेकिन पिछले कुछ सालों से कुछ गैर–तटीय राज्यों जैसे, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में भी जोर पकड रहा। भारत में कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, कोची, बेंगलुरू, और दिल्ली, जैसे प्रमुख मेट्रो शहरों में यह व्यापार बड़े पैमाने पे किया जाता है।

व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण सजावटी मछलियाँ

सजावटी मछली उद्योग में 2500 से अधिक प्रजातियाँ शामिल हैं, जिनमें 60 प्रतिशत से अधिक सजावटी मछलियाँ मीठे पानी में पाई जाती हैं। व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए जिन प्रजातियों की माँग ज्यादा रहती है, ऐसी देसी और विदेशी मीठेजल में रहनेवाली सजावटी मछली की प्रजातियों का प्रजनन और पालन किया जा सकता है। प्रजनन व्यवहार के अनुसार, मछलियाँ दो प्रकारों में विभाजित की जाती है– अंडे देने वाली प्रजाति (एग लेयर्स) एवं शिशुमीनों को जन्म देने वाली प्रजाति (लाइवबीयरर्स)। शिशुमीन प्रजातियों (गप्पी, मोली, प्लेटी एवं स्वोर्डटेल) की माँग ज्यादा रहती है, क्यूँकि इन्हें छोटे टैंकों में पालना और प्रजनन करना आसान है (चित्र 1)। अंडे देने वाली प्रजातियों में कोई कार्प और गोल्डफिश सबसे पुरानी पाली जानेवाली मछलियों में से हैं और कई किस्मों में अलग–अलग रंग और आकार के साथ देखी जाती हैं। टेट्रा, एंजेल फिश, फाइटर फिश, गौरामी, बार्ब्स, कैटफिश आदि अन्य समूह हैं जो मीठे पानी में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं (चित्र 2)। इस क्षेत्र में मछली प्रजनकों द्वारा इन मछलियों की दर्जनों किस्में विकसित की गई हैं। कुछ किस्मों की कीमत सामान्य मछलियों की तुलना में अधिक होती है क्योंकि प्रजातियों के भीतर मछली के रंग में भिन्नता होती है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र और पश्चिमी घाट सजावटी मछलियों के लिए भारत के प्राथमिक जैव विविधता हॉटस्पॉट हैं जहाँ प्राकृतिक रूप से एक्वेरियम व्यापार के लिए महत्वपूर्ण देशी प्रजातियों की विविधता पाई जाती है। इनमें से कई मछलियाँ स्थानिक हैं और विशेष रूप से इन क्षेत्रों में ही पाई जाती हैं। हालाँकि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की अत्याधिक मांग के कारण मछलियों की संख्या में गिरावट आई है


गप्पी

मोली

प्लेटी

स्वोर्डटेल

चित्र 1: शिशुमीनों को जन्म देने वाली सजावटी मछलियाँ

और प्राकृतिक जैव विविधता खतरे में है, इसलिए ऐसी महत्वपूर्ण किस्मों को संरक्षित करने के लिए स्वदेशी मछलियों का प्रजनन और पालन पोषण करना आवश्यक है।

सजावटी मछली पालन

घर के पीछे में एक छोटी सी जगह (बैकयार्ड) को एक छोटे से प्रजनन और पालन इकाई में बदला जा सकता है। छोटे पैमाने पर बैकयार्ड में सजावटी मछली पालन शुरू करने के लिए कम से कम 500 वर्ग फुट की जगह की आवश्यकता होती है। इस तरह की इकाई के लिए कम निवेश की आवश्यकता होती है। किसान ऐसी इकाइयों को विकसित करने के लिए कृषि ऋण ले सकते हैं। सजावटी मछली पालन शुरू करने से पहले इस विषय पर बुनियादी प्रशिक्षण मददगार होगा। प्रशिक्षण के बिना सजावटी

कोई कार्प

गोल्डफिश

निओन टेट्रा

रोजी बार्ब

कैटफिश

डिसकस फिश

गौरामी

फाइटर फिश

डॉलर फिश

अरवाना

फ्लावर हॉर्न


एंजेल फिश

चित्र 2: अंडे देने वाली सजावटी मछलियाँ

मछली पालन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है और नुकसान की ओर ले जाता है।

सजावटी मछली पालन और प्रजनन के लिए बैकयार्ड मछली पालन कम लागत वाली विधियों में से एक यह है, इस विधी में बैकयार्ड में गड्ढे खोदे जाते हैं और उन गड्ढों के उपर पॉली–लाइनिंग शीट बिछाई जाती है, फिर इन गड्ढों का छोटे टैंक या तालाब के रूप में सजावटी मछली पालन के लिए उपयोग किया जा है। विकासशील किसान जगह की कमी के कारण छोटे आयताकार या गोलाकार टैंक भी बनवा सकते है यह मछली पालन के लिए बेहतर होते हैं। फेरोसीमेंट से बने टैंक लंबे समय तक चलते हैं और उपयोग में कुशल होते हैं (चित्र 3)। टैंकों की व्यवस्था स्थान के अनुकूल होनी चाहिए, जिससे जगह का बेहतर उपयोग हो और कम से कम क्षेत्र में अधिकतम टैंकों को लगाया जा सके। ऐसे मॉडल पूर्व, उत्तर–पूर्व और दक्षिण भारत में सफल हैं, जहाँ महिलाएँ बैकयार्ड क्षेत्र में सजावटी मछली पालन करती हैं।

बड़े शहरों में जगह सीमित होते हुए भी यह व्यवसाय छोटे एक्वेरियम का उपयोग करके, किया जा सकता है । इन शहरों में, सजावटी मछली पालन इन–बिल्ट वॉल–माउंटेड टैंक, मल्टी–लेवल एक्वेरियम सेटअप या एकीकृत एक्वेरियम के साथ रचनात्मक रूप से डिज़ाइन किए गए फर्नीचर का उपयोग करके प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। उचित जल गुणवत्ता प्रबंधन और टैंक के आकार के आधार पर जिम्मेदारी से मछली का चयन करना भी जरूरी है। जगह की कमी और उच्च कीमतों के कारण, उच्च गुणवत्ता वाली मछलियाँ जैसे डिस्कस फिश, डॉलर फिश, फ्लावर हॉर्न, एरोवाना आदि को निर्यात के लिए बड़े पैमाने पर पालन पोषण और प्रजनन किया जाता है।

शुरुआती दिनों में किसान शिशुमीनों को जन्म देने वाली प्रजातियों का उत्पादन कर सकते हैं क्योंकि इसका प्रजनन और पालन आसान है। अनुभव के साथ अंडे देने वाली प्रजातियों जैसे की कोई कार्प और गोल्डफिश का पालन एवं प्रजनन कर सकते है। प्रजनन और पालन–पोषण के लिए आगे बढने से पहले मछली के जीव विज्ञान, भोजन व्यवहार और परिवेश की स्थिति के बारे में अच्छी जानकारी होना जरुरी है। परिपक्व मछली और शिशु मछली (लार्वा) के आहार उत्पादन पर विशेष ध्यान देने की जरुरत होती है। परिपक्व मछली को ट्यूबिफेक्स कीड़े (वर्म), रक्तकृमि, केंचुआ जैसे सजीव भोजन की आवशकता होती है और लार्वा को शुरुआती चरणों में इन्फ्यूसोरिया, आर्टेमिया और डेफनिया की जरुरत होती है। इसके लिए सजीव भोजन के निरंतर उत्पादन के लिए एक इकाई की जरुरत होती है। आम तौर पर, प्रजनन आसान होता है, लेकिन लार्वा पालन–पोषण के लिए विशेष देखभाल की जरुरत होती है।

एक्वेरियम इकाई

बैकयार्ड इकाई

फाइबर प्रबलित प्लास्टिक टैंक

फेरोसिमेंटेड टैंक

आयताकार सीमेंटेड टैंक

गोलाकार सीमेंटेड टैंक

चित्र 3: सजावटी मछलियों के पालन, प्रजनन और बीज उत्पादन के लिए इकाइयाँ

सजावटी मछलियों को कैरोटीनॉयड पिगमेंट के साथ 30–35 प्रतिशत प्रोटीन युक्त खाना दिन में दो बार 3–5 प्रतिशत शरीर के भार के हिसाब से खिलाना चाहिए। पानी का आदान–प्रदान साप्ताह में दो बार 10–15 प्रतिशत किया जाना चाहिए। प्रजनन के बाद बच्चों को अलग किया जाना चाहिए और बिक्री के लिए, आयु अथवा आकार के हिसाब से पाला जाना चाहिए। नियमित देखभाल और आवश्यक प्रबंधन एक निरंतर व्यवसाय सुनिश्चित करेगा। मछली बेचने के लिए आस– पास की सजावटी मछलियों के दुकानों के साथ संपर्क विकसित किया जाना चाहिए। अगर किसान चाहे तो बेहतर आय के लिए फाइटर फिश, एंजल फिश, रोजी बार्ब, टेट्रास आदि जैसी किस्मों का पालन शुरू कर सकते हैं। लगभग 500 वर्ग फुट के एक अच्छी तरह से प्रबंधित छोटे बैकयार्ड सजावटी मछली पालन एवं प्रजनन इकाई से शुरू में प्रति माह 5000 से 6000 रुपये की औसत कमाई हो सकती है। किसान प्रजनन और पालन के माध्यम से अनुभव प्राप्त करके सजावटी मछली पालन इकाई में सुधार कर सकते हैं। वे मूल्यवान प्रजातियों का पालन एवं प्रजनन कर उनका निर्यात कर सकते हैं, जिससे परिवार की आय और सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार होने में मदद होगी ।

भारत में सजावटी मछली पालन क्षेत्र में नील क्रांति एवं प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनाएं उन किसानों के लिए वरदान साबित हुई है जिनके पास जल संसाधन उपलब्ध हैं और जो अपनी खेती के तरीकों का विस्तार करने के इच्छुक हैं। वित्तीय प्रोत्साहन से इस क्षेत्र के व्यापार मूल्य को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिसमें भारत में सहायक उपकरणों का उत्पादन भी शामिल है। पिछले दशक में राष्ट्रीय मत्स्य पालन विकास बोर्ड, हैदराबाद और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, कोच्चि के विकास योजनाओं ने उद्योग को बेहतर आकार दिया है। सजावटी जलीय कृषि क्षेत्र को उन्नत करने के लिए 7 लाख रोजगार पैदा करने के लिए ₹ 576 करोड़ का लक्षित निवेश 2020 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत निर्धारित किया गया, और यह योजना अभी भी बरकार है। इसके अलावा इस क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्व बैंक योजना के तहत ₹ 500 करोड़ का अतिरिक्त निवेश किया गया है। इससे निश्चित रूप से खेती को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

निष्कर्ष

सजावटी मछली पालन में न ज्यादा जमीन न ज्यादा पूँजी लगती है । सजावटी मछली पालन में कम जनशक्ति की जरूरत होती है, इसलिए महिलाएं या बुजुर्ग छोटी घरेलू सजावटी मछली के प्रजनन और पालन इकाइयों को चला सकते हैं। इस व्यवसाय में निवेश करना बेरोजगारी एवं गरीबी हटाने में मददगार साबित हो सकता है, क्यूंकि यह शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार से आय अर्जित करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। इससे अच्छा वित्तीय लाभ मिलता है जिसके चलते व्यवसायी अपने सामाजिक और आर्थिक उत्थान में सुधार कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते है। इस कारणवश, सजावटी मछली पालन के व्यवसाय को अपनाकर बेरोजगार युवा, शहरी एवं ग्रामीण महिला और किसान अपनी आजीविका का साधन बढ़ा सकते है।

कीट मीलः आहार में प्रोटीन स्रोत का एक विकल्प

संगीता कुमारी[1], सोनिया[2], नरेश राज कीर[1] एवं उदय कुमार[1]
[1]मास्त्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)
[2]मास्त्यिकी महाविद्यालय, शिरगांव, रत्नागिरी (महाराष्ट्र)

सन 1990 के दशक से, मछली उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग का बड़ा हिस्सा मत्स्य पालन क्षेत्र द्वारा पूरा किया जा रहा है, जिसने पारंपरिक मछली पकड़ने की सीमाओं को हल करने में मदद की है। फिश मील लंबे समय से मछली के आहार का मुख्य घटक रहा है, क्योंकि इसका पोषण मूल्य उत्कृष्ट है, जिसमें उच्च पाचन क्षमता और आवश्यक पोषक तत्वों की भरमार होती है। हालांकि, पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक दबावों के कारण से फिश मील की स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताएं, वैकल्पिक आहार स्रोतों की खोज को प्रेरित करता है। इस खोज में कीट मील एक उचित विकल्प के रूप में उभरे हैं। इनका सबसे विविध समूह हैं, जिनकी लगभग एक मिलियन प्रजातियाँ वैश्विक स्तर पर पाई जाती हैं (चौपमैन, 2009)। पिछले दशक में, कीटों ने मानव उपभोग और पशु आहार, जिसमें मछली का आहार भी शामिल है, के लिए एक वैकल्पिक प्रोटीन स्रोत के रूप में ध्यान आकर्षित किया है। उनकी तेजी से वृद्धि, उच्च आहार परिवर्तन दक्षता और जैव कचरे पर पनपने की क्षमता उन्हें मत्स्य पालन के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है।

मत्स्य पालन में कीट मील एक प्राकृतिक और स्थायी आहार स्रोत

कीट, जो स्वाभाविक रूप से भूमि और जल दोनों पारिस्थितिक तंत्र में निवास करते हैं, कई मछली प्रजातियों के आहार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेषकर उनके किशोर अवस्था के दौरान। कीटों की विविधता न केवल स्थलीय आवासों में प्रमुख है, बल्कि अधिकांश जलीय वातावरणों में भी काफी हद तक मौजूद है हालाँकि, खुले समुद्र में, केवल एक जीनस, हेलोबेट्स, प्रमुख है। कीटों में प्रोटीन, ऊर्जा और वसा प्रचुर मात्रा में होती है और पौधों से मिलने वाले तत्वों के विपरीत, इनमें फाइबर और पोषण संबंधी तत्व कम होते हैं, जिससे ये मछली के आहार के लिए बेहतरीन विकल्प बनते हैं। ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा, फ्लाई मील, मीलवर्म लार्वा, टिड्डे और क्रिकेट और रेशमकीट प्यूपा बायोमास का उत्पादन करके अपने पोषण गुणों को पूरा करते पाए गए हैं। औसतन 2 किलोग्राम खाद्य बायोमास से एक किलोग्राम कीट बायोमास का उत्पादन किया जा सकता है । कई मछली प्रजातियाँ स्वाभाविक रूप से कीट खाती हैं, सर्वाहारी प्रजातियाँ बेन्थिक पर पाए जाने वाले कीटों का शिकार करती हैं जबकि मांसाहारी मछली प्रजाति का जुवेनाइल, मछली–आधारित आहार में बदलाव करने से पहले कीटों को खाते हैं।

कीट आहार की पोषक संरचना

कीटों को उनके उच्च पोषण सामग्री के लिए जाना जाता है, जिसमें प्रोटीन, लिपिड, आवश्यक अमिनो एसिड, फैटी एसिड, विटामिन और खनिज शामिल हैं। हालांकि, विशेष पोषण प्रोफाइल कीट की प्रजाति, विकासात्मक चरण और आहार पर निर्भर करता है। आम तौर पर कीटों में प्रोटीन की मात्रा लगभग 42 से 63 प्रतिशत अधिक होती है, जो सोयाबीन के भोजन के बराबर है, लेकिन मछली के भोजन की तुलना में थोड़ी कम है।। उदाहरण के लिए, डिप्टेरा लार्वा (*ब्लैक सोल्जर फ्लाई* और *हाउसफ्लाई*) और मीलवर्म में प्रोटीन की मात्रा उन वयस्क कीटों जैसे टिड्डा, क्रिकेट और रेशम के प्यूपे की तुलना में कम होती है। प्रोटीन के अलावा, कीटों में कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा आमतौर पर 20 प्रतिशत से कम होती है। कीटों में मुख्य कार्बोहाइड्रेट काइटिन होता है, जो उनके बाहरी कंकाल में पाया जाता है। काइटिन की मात्रा प्रजाति और विकासात्मक चरण के आधार पर भिन्न

हो सकती है। कीटों में लिपिड सामग्री भी काफी भिन्न होती है। उदाहरण के लिए, मीलवर्म लार्वा में 36 प्रतिशत तक वसा हो सकती है, जबकि वयस्क टिड्डों में केवल 8.5 प्रतिशत वसा होती है। डिफैटेड कीट मील में आमतौर पर प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है, जो इसे मछली के आहार में फिश मील का एक अच्छा विकल्प बनाता है। कीटों के फैटी एसिड प्रोफाइल भी भिन्न होते हैं। उदाहरण के लिए, मीलवर्म, हाउस क्रिकेट और हाउसफ्लाई मैगट में असंतृप्त फैटी एसिड (60–70 प्रतिशत) की उच्च मात्रा होती है, जबकि ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा में संतृप्त फैटी एसिड्स अधिक होते हैं। पानी में रहने वाले कीट, जैसे की जो मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र में पाए जाते हैं, जरूरी फैटी एसिड जैसे ईपीए के उच्च स्तर होते हैं, जिन्हें मछलियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना गया है।

कीट मील क्यों?

मत्स्य पालन में कीट मील का उपयोग करने के संभावित लाभ अत्यधिक हैं। कीड़े कई मीठे पानी और समुद्री मछलियों के आहार का प्राकृतिक हिस्सा होते हैं, विशेषकर जब ये युवा अवस्था में होते हैं। कीट मील आवश्यक अमिनो एसिड्स, वसा, विटामिन्स और खनिजों का एक संतुलित स्रोत प्रदान करता है, जिसमें सूखी सामग्री 45 से 75 प्रतिशत के बीच होती है। कीट मील के उत्पादन के लिए सबसे आशाजनक प्रजातियों में *'टेनिब्रियो मॉलिटर'* (पीला मीलवर्म) है, जो क्रूड प्रोटीन (53.2 प्रतिशत) और वसा (34.5 प्रतिशत) में समृद्ध है। इसके अलावा, टी मोलिटर लार्वा जिंक, सेलेनियम, रिबोफ्लाविन, बायोटिन और आवश्यक फैटी एसिड जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह प्रजाति पहले से ही विभिन्न उद्देश्यों के लिए औद्योगिक पैमाने पर उत्पन्न की जा रही है, जिसमें पालतू जानवरों का खाना, मछली पकड़ने का चारा और यहां तक कि मानव उपभोग भी शामिल है। इसलिए, टी. मोलिटर पारंपरिक फिश मील के लिए एक टिकाऊ और व्यावहारिक विकल्प हो सकता है। हालाँकि, इसके पोषण लाभों के बावजूद, कीट मील को व्यापक रूप से अपनाने में आर्थिक बाधाएँ हैं। कीटों का उत्पादन पारंपरिक प्रोटीन स्रोतों जैसे सोयाबीन मील या फिश मील की तुलना में अभी भी महंगा है। इसके परिणामस्वरूप, मछली के आहार की बढ़ती कीमतों के कारण मत्स्य पालन की आर्थिक स्थिरता को खतरा हो सकता है, क्योंकि पाली गई मछलियों की कीमतें हमेशा आहार की बढ़ी हुई लागत को नहीं दर्शातीं।

निष्कर्ष

मत्स्य पालन में कीट मील का उपयोग एक अच्छा अवसर प्रदान करता है, जो मछली के आहार में स्थायी, उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन स्रोतों की बढ़ती मांग को पूरा कर सकता है। कीट, विशेष रूप से *'टी. मॉलिटर'* फिश मील का एक समृद्ध और पोषण संतुलित विकल्प प्रदान करते हैं। हालाँकि, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विभिन्न

प्रजातियों तथा उनके विकासात्मक चरणों में पोषक तत्वों की संरचना में भिन्नता के संदर्भ में चुनौतियाँ मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, कीट अभी तक सभी मछली आहारों में फिश मील को पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर पाएं हैं, विशेषकर समुद्री मछलियों के आहार में, क्योंकि कई कीट प्रजातियों में आवश्यक फैटी एसिड्स जैसे ईपीए और डीएचए की कमी होती है, फिर भी, कीट मील में महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं, विशेषकर जब इसे अन्य आहार अवयवों के साथ मिलाकर पोषण को अनुकूलित किया जाता है। कीट मील की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए यह आवश्यक है कि हम एक साथ कई कीट प्रजातियों का उपयोग करें, ताकि आहार की गुणवत्ता बढ़ सके। आगे और शोध की आवश्यकता है ताकि यह समझा जा सके कि मछली के जीवन के कौन से चरणों में कीट सबसे लाभकारी होते हैं और यह भी जांचा जा सके की कीट फिश मील का उपयोग सिर्फ प्रोटीन स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रोबायोटिक के रूप में भी किया जा सकता है। कीटों की विशेषताएँ, जैसे कि काइटिन और एंटीमाइक्रोबियल पेप्टाइड्स, मछली की रोग प्रतिकारक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकती हैं। अंततः, कीट मील स्थायी मत्स्य पालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जो बढ़ती वैश्विक मछली की मांग को पूरा करने के लिए एक व्यवहारिक और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करते हैं।

मछली के लिए जीवित खाद्य जीवों का महत्व

नरेश राज कीर, उदय कुमार, संगीता कुमारी, अभिषेक कुमार
मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)

मछलियों के उचित पोषण के लिए उनके आहार का चयन एक प्रमुख भूमिका निभाता है। मछली के प्राकृतिक आहार में जीवित खाद्य जीवों का बहुत महत्व है। जीवित खाद्य जीवों से मछलियों को न केवल आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए भी अत्यधिक लाभकारी होते हैं। जीवित खाद्य जीवों को आमतौर पर पोषण के जीवित कैप्सूल के रूप में जाना जाता है क्योंकि उनमें सभी आवश्यक पोषक तत्व–प्रोटीन, लिपिड, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, खनिज, अमीनो एसिड और फैटी एसिड होते हैं। जीवित खाद्य जीव, मछली पालन और एक्वेरियम उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मछलियों के लिए जीवित खाद्य जीव, जैसे कि डैफनिया, आर्टेमिया, माइक्रोवर्म्स, और ब्लडवर्म्स, प्राकृतिक आहार का हिस्सा होते हैं, और इन्हें विभिन्न मछलियों के लिए आदर्श भोजन माना जाता है।

कुछ प्रमुख जीवित खाद्य जीव

मछलियों के लिए जीवित खाद्य जीवों में विभिन्न प्रकार के जीवाणु, मच्छर के लार्वा, छोटे जलजीव, और पादप प्लवक आते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख खाद्य जीवों में रोटिफर, आर्टीमिया, डेफनिया, मोइना, इन्फुसोरिया, स्पिरुलिना, क्लोरेला इत्यादि शामिल हैं। ये जीव मछलियों के लिए आवश्यक प्रोटीन, विटामिन, और खनिज प्रदान करते हैं, जो उनके स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुछ महत्वपूर्ण जीवित खाद्य जीवो के चित्र निचे दर्शाये गए है –

मछलियों के लिए जीवित खाद्य जीवों के लाभ

मछलियों को जीवित खाद्य जीव निम्नलिखित प्रकार से लाभकारी हो सकते है–

प्राकृतिक पोषण

जीवित खाद्य जीव मछलियों के लिए उनका प्राकृतिक आहार होते हैं। यह मछलियों को सही पोषक तत्व प्रदान करता है, जैसे कि प्रोटीन, फैटी एसिड, और अन्य आवश्यक पोषक तत्व। इनका सेवन

चित्र1:आर्टीमिया

चित्र2:कोपेपॉड

चित्र3:कृमि


चित्र4:रोटिफर


चित्र5:डेफनिया

चित्र6:पैरामीशियम

मछलियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

तीव्र वृद्धि और विकास

जीवित खाद्य जीवों से मछलियों को ज्यादा ऊर्जा और पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे उनकी वृद्धि और विकास तेज होता है। यह विशेष रूप से मछली के अंडे से निकलने वाले लार्वा और छोटे मछलियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पाचन में आसानी

जीवित खाद्य जीवों का पाचन मछलियों के लिए आसान होता है क्योंकि ये उनके प्राकृतिक आहार का हिस्सा होते हैं एवं प्राकृतिक भोजन में पाचन के लिए आवश्यक एंजाइम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते है। इससे पाचन संबंधी समस्याएं नहीं आती है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि

जीवित खाद्य जीवों में पाए जाने वाले एंजाइम और जीवित बैक्टीरिया मछलियों की रोग प्रतिरोधक

क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। ये मछलियों को संक्रामक रोगों से लड़ने में मदद करते हैं।

प्रजनन क्षमता में सुधार

जीवित खाद्य जीवों का आहार मछलियों की प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद आवश्यक फैटी एसिड्स और प्रोटीन मछलियों के प्रजनन तंत्र को मजबूत बनाते हैं। यह मछलियों के लार्वा और किशोर अवस्था में तेजी से विकास करता है।

अलंकारी मछलियों का रंग

अलंकारी या सजावटी मछलियों को जीवित खाद्य जीव खिलाने से उनके रंग अत्यधिक आकर्षक होता है एवं उनकी सुंदरता को बढ़ता है। अलंकारी मछलियों के प्रजनन के दौरान उन्हें जीवित खाद्य जीवो को खिलाना अत्यंत लाभकारी होता है इससे इनकी आने वाली पीढ़ी में सुन्दर रंग का विकास होता है।

प्राकृतिक आचरण एवं व्यवहार

जब मछलियाँ जीवित आहार का सेवन करती हैं, तो उनका आचरण और व्यवहार भी पूरी तरह से सक्रिय रहता है। इससे उनकी शारीरिक सक्रियता और मानसिक उत्तेजना बनी रहती है, जो उनके समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

आसान तरीके से इन्फ्यूसोरिया की खेती–

इन्फ्यूसोरिया सूक्ष्म जलीय जीव होते हैं, जो छोटे मछलियों और अन्य जलजीवों के लिए आहार के रूप में उपयोगी होते हैं। इनका उपयोग विशेष रूप से मछली पालन और एक्वेरियम में होता है। पैरामीशियम और स्टाइलोन्चिया मीठे पानी की प्रजातियां हैं। इनकी खेती विभिन्न तरीको से की जाती है जिनमे से कुछ सामान्य तरीके निम्नलिखित है।

- केले के छिलके का उपयोग करके
- घास उपयोग करके
- लेटुस पत्तियों का उपयोग करके
- दूध का उपयोग करके
- घोंघे का उपयोग करके

केले के छिलके का उपयोग करके इन्फुसोरिया की खेती

केले के छिलके को इन्फ्यूसोरिया कल्चर में इस्तेमाल करने के पीछे यह कारण है कि केले के छिलके में कार्बोहाइड्रेट्स और पोषक तत्व होते हैं, जो इन्फ्यूसोरिया के लिए आदर्श खाद्य स्रोत प्रदान करते हैं।

सामग्री

- 2–3 केले के छिलके
- पानी
- एक्वेरियम (50 लीटर) या जार (बड़े मुँह वाला कंटेनर)
- गर्म स्थान (सूरज की हल्की रोशनी)

केले के छिलके तैयार करना

केले के छिलकों को अच्छे से धो लें ताकि उनपर किसी प्रकार के रसायन या गंदगी न हो। छिलकों को छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें। छोटे टुकड़े इन्फ्यूसोरिया के लिए अधिक पोषक तत्व प्रदान करेंगे और जल्दी से सड़ने में मदद करेंगे।

पानी में डालना

एक एक्वेरियम या जार में 50 लीटर पानी भरें। अब इस पानी में 2 से 3 केले के छिलके के छोटे–छोटे टुकड़े डालें। कंटेनर को कपड़े से ढक दें। इससे मच्छर एवं अन्य किट पतंगे अंदर प्रवेश न कर सके लेकिन हवा का आदान प्रदान बना रहे।

इन्फुसोरिया का विकास

एक्वेरियम या जार को गर्म और हल्की धूप में रखें। आपको इसे 1 हफ्ते तक ऐसे ही छोड़ना है ताकि केले के छिलके पानी में सड़ जाएं और इन्फ्यूसोरिया के लिए उपयुक्त पोषक तत्व पैदा हो सकें। 2 से 3 दिनों में पानी दूधिया हो जाएगा और उससे दुर्गंध आने लगेगी। जैसे ही छिलके सड़ने लगेंगे, पानी में धीरे–धीरे इन्फ्यूसोरिया विकसित होने लगेगा। धीरे धीरे पानी की सतह पर एक परत बनने लगेगी और लगभग 4 से 5 दिनों में पानी साफ हो जाएगा और यह हल्का पीला पारदर्शी दिखाई देने लगेगा। यह हवा में फैले इन्फ्यूसोरिया बीजाणुओं के कारण होता है, ये इन्फुसोरिया बीजाणु पानी की सतह पर

बनी बैक्टेरियल परत पर भोजन करते है जिससे पानी की सतह पर बनी परत टूट जाती है। और बाद में इनका घनत्व बढ़ने लगता है। यह मछली की प्रारंभिक अवस्था में खिलाने के लिए बहुत उपयोगी है। इसे 2–3 सप्ताह तक इस्तेमाल किया जा सकता है।

इन्फुसोरिया का उपयोग और उनकी संख्या बढ़ाना

यदि आपको और इन्फुसोरिया की आवश्यकता हो, तो आप पानी में थोड़ा और केला छिलका डाल सकते हैं या फिर कुछ और समय के लिए इसे सड़ने के लिए छोड़ सकते हैं। आप इन्फुसोरिया के कल्चर को हर सप्ताह ताजे केले के छिलकों से बढ़ा सकते हैं।

महत्वपूर्ण बिंदु

- छिलके को पानी में डालने से पहले यह सुनिश्चित करें कि पानी की गुणवत्ता ठीक हो, और उसमें किसी प्रकार के रसायन या गंदगी न हो।
- एक्वेरियम या जार को ढककर रखें ताकि उसमें बाहरी प्रदूषण न हो, लेकिन इसमें हवा का आवागमन भी हो सके।
- यदि इन्फुसोरिया की संख्या बढ़ने में समय लगे, तो चिंता न करें, यह प्रक्रिया धीरे–धीरे होती है।
- पानी में छोटे–छोटे जीवों को देखने के लिए माइक्रोस्कोप का उपयोग करें, ताकि आप इन्फुसोरिया की सही पहचान कर सकें।
- इस प्रक्रिया के माध्यम से आप आसानी से इन्फुसोरिया कल्चर कर सकते हैं और अपने एक्वेरियम या छोटे जलजीवों के लिए ताजे आहार का स्रोत बना सकते हैं।

निष्कर्ष

जीवित खाद्य जीव मछलियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये उन्हें आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं और उनके स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। मछली पालन के लिए इनका उपयोग मछलियों की वृद्धि, रोग प्रतिरोधक क्षमता, और समग्र विकास के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए, जीवित खाद्य जीवों का उचित प्रबंधन और उपयोग मछली पालन उद्योग में सफलता प्राप्त करने के लिए एक आवश्यक कदम है।

जलीय कृषि में सूक्ष्म शैवाल "स्पिरुलिना" की भूमिका

मयूरी नाग, भौतिक सावलीया, मेकला स्नेहा, सौरव कुमार
जलीय पर्यावरण प्रबंधन विभाग, केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई

जलीय कृषि में स्पिरुलिना एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला बहुकोशिकीय फिलामेंटस नीला–हरा सूक्ष्म शैवाल है, जिसमें उच्च पोषक तत्व उपलब्ध हैं। सूक्ष्म शैवाल प्रकाश संश्लेषक सूक्ष्मजीव हैं, जो विविध जलीय वातावरण में निवास करते हैं। यह अकेले या अक्सर कालोनियों के रूप में होता है, जो जलीय निकायों में रंगीन पैबंद के रूप में दिखाई देते हैं। ये पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, प्राथमिक उत्पादक के रूप में कार्य करते हैं और अगले उच्च स्तर में विभिन्न जीवों के लिए भोजन प्रदान करते हैं। इसका व्यापक रूप से फार्मास्युटिकल,सौंदर्य प्रसाधन, पोषण और जलीय कृषि में फीड, विकास वर्धक और इम्यूनोस्टिमुलेंट के रूप में उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म शैवाल जैव प्रोद्यौगिकी अनुप्रयोग, जैव ईंधन उत्पादन, अपशिष्ट जल उपचार और पोषण पूरक के स्रोत में अपनी क्षमता के लिए प्रसिद्ध हैं। सूक्ष्म शैवाल प्रोटीन या कार्बोहाइड्रेट जैसे बड़े अणुओं के स्रोत के रूप में काम करते हैं और विटामिन, आवश्यक पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, वर्णक और स्टेरोल्स जैसे प्रमुख पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। स्पिरुलिना के बड़े पैमाने पर संवर्धन में मूल रूप से चार प्रमुख चरण शामिल हैं: संवर्धन, कटाई, सुखाना, पैकेजिंग। स्पिरुलिना प्लैटेंसिस माइक्रोबियल मूल के सबसे समृद्ध प्रोटीन स्रोतों में से एक है और जलीय कृषि के क्षेत्र में, इसका उपयोग या तो मत्स्य खाद के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में या एक कार्यात्मक आहार के रूप में किया जा सकता है जो इसके जैव रासायनिक गुणों के कारण स्वास्थ्य और गुणवत्ता में सुधार करता है। विभिन्न परिस्थितियों में तेजी से बढ़ने और पनपने की उनकी क्षमता उन्हें व्यापक शोध और नवाचार का विषय बनाती है। इस लेख में हम एक ऐसे सूक्ष्म शैवाल के बारे में चर्चा करेंगे जिसका उपयोग बड़े पैमाने पर जलीय कृषि में आहार, विकास वर्धक और इम्यूनोस्टिमुलेंट, के रूप में किया जाता है, यानी स्पिरुलिना। जलीय कृषि में उपयोग की जाने वाली सूक्ष्म शैवाल की सामान्य प्रजातियाँ आइसोक्राइसिस, पावलोवा लुथेरी, केटोसेरोस कैल्सीट्रेंट, सी. मुलेरी, थैलासियोसिरा, स्केलेटोनिमा, टेट्रासेल्मिस, रोडोमोनस, पिरामिमोनस, आदि हैं।

सुपरफूड स्पिरुलिना

स्पिरुलिना एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला बहुकोशिकीय फिलामेंटस नीला–हरा शैवाल है जो ऑसिलेटोरियल्स क्रम से संबंधित है। यह स्वास्थ्य लाभ के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय अनुपूरकों में से एक है। स्पिरुलिना की सामान्य प्रजातियाँ: *एस. प्लैटेंसिस, एस. मैक्सिमा, एस. सबसाल्सा, एस. फ्यूसीफोर्मिस, एस.इंडिका और एस. गीटलेरी हैं* । सायनोबैक्टीरियल सूक्ष्म शैवाल, स्पिरुलिना में पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा होती है। इसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन और अच्छी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, खनिज और लिपिड होते हैं। फार्मास्युटिकल, सौंदर्य प्रसाधन, पोषण और कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के रूप में इसका व्यापक अनुप्रयोग है। इसमें उच्च पाचन क्षमता होती है और इसका उपयोग अक्सर जलीय कृषि में विभिन्न प्रयोजनों के लिए किया जाता *डब्ल्यूएचओ* द्वारा 21 वीं सदी का 'सुपर फूड' घोषित किया गया है। स्पिरुलिना फाइकोबिलिप्रोटीन, कैरोटीनॉयड, गामा लिनोलेनिक एसिड (जीएलए) और पॉलीसेकेराइड जैसे आवश्यक फैटी एसिड का एक उत्कृष्ट स्रोत है जिसके कारण यह मछली की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में सक्षम है। स्पिरुलिना की सामान्य

संरचना इसे एक सुपर फूड बनाती है। क्योंकि इसमें प्रोटीनः 55–70% कार्बोहाइड्रेटः 15 – 25%, लिपिडः 6–8%, खनिजः 7–13% और सूखा फाइबरः 8–10% (चित्र 1)।



स्पिरुलिना प्लैटेंसिस की सामान्य संरचन

स्पिरुलिना के कुछ बायोएक्टिव यौगिक निम्नलिखित हैं–

गामा लिनोलेनिक एसिड (कुल फैटी एसिड का 20–23 प्रतिशत), पॉलीसेकेराइडः मुख्य रूप से रैम्नोज (58 प्रतिशत) औरराइबोज (10 प्रतिशत), कुल कैरोटीनॉयड (300–500 मिलीग्राम/किलो), बी–कैरोटीन (211 मिलीग्राम/किलो), जेक्सैन्थिन (101 मिलीग्राम/किलो) और अन्य रंगद्रव्य जैसे फाइकोसायनिन (17.2 प्रतिशत) और क्लोरोफिल (1.2 प्रतिशत)।

तालिका 9: प्रयोगशाला में विकास के लिए इष्टतम स्थिति	
प्रकाश संतृप्ति	150–200 मी० मोल मी2 सेकेंड1
इष्टतम तापमान	35–38 °C
एनएसीएल सहनशीलता	निम्न से मध्यम सांद्रता (दस से सैकड़ों मिलीमोल की सीमा में)
पीएच (स्पिरुलिना को अनिवार्य एल्कालोफाइल माना जाता है)	8.5–8.8

स्पिरुलिना की खेती

स्पिरुलिना के बड़े पैमाने पर संवर्धन में मूल रूप से चार प्रमुख चरण शामिल हैंः संवर्धन, कटाई, सुखाना, पैकेजिंग।संवर्धन में आमतौर पर खुले रेसवे या तालाबों में स्पिरुलिना का बाहरी संवर्धन शामिल होता है। तालाब के लिए आवश्यक कुल स्पिरुलिना की मात्रा (क्षेत्रफल × कल्चर की गहराई) की गणना करने के बाद, मातृ कल्चर @ 1 ग्राम/लीटर मिलाएं (चित्र 2)। एक बार अच्छी मात्रा में बायोमास प्राप्त हो जाने पर, निस्पंदन के माध्यम से कटाईकी जाती है (आमतौर पर 10 दिनों के बाद)। सुखाने का काम स्प्रे– या ड्रम सुखाने से किया जाता है, जिससे उपज मिलती है (स्पिरुलिना पाउडर जिसमें नमी की मात्रा 3–4 प्रतिशत से कम होती है)। पैकेजिंग में ऑक्सीजन–बैरियर बैग का उपयोग शामिल है। ऑक्सीकरण द्वारा कैरोटीनॉयड के नुकसान को रोकने में ऑक्सीजन–बैरियर बैग पॉलीथीन बैग से बेहतर है।

स्पिरुलिना बायोमास उत्पादन

जलीय कृषि में फीड के स्रोत के रूप में स्पिरुलिना

स्पिरुलिना प्लैटेंसिस माइक्रोबियल मूल (शुष्क पदार्थ के आधार पर 460 से 630 ग्राम/किग्रा) के सबसे समृद्ध प्रोटीन स्रोतों में से एक है, जिसमें मांस और सोयाबीन की तुलना में समान प्रोटीन स्तर होता है। जलीय कृषि के क्षेत्र में, स्पिरुलिना के पोषण गुणों को दो दृष्टिकोण से अपनाया गया है (i) मछली के भोजन (मत्स्य–चूर्ण) के संभावितप्रतिस्थापन के रूप में या (ii) एक कार्यात्मक फीड के रूप में जो इसके जैव रासायनिक गुणों के कारण स्वास्थ्यऔर गुणवत्ता में सुधार करता है।

अध्ययन जहां स्पिरुलिना प्लैटेंसिस को फीड में पूरक किया गया है, ने निम्नलिखित प्रभाव दिखाया–

- ✓ इम्यूनोस्टिमुलेंट और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव
- ✓ ऑक्सीडेटिव क्षति को कम करता है
- ✓ रुधिर संबंधी (हेमेटोलॉजिकल), जीवरसायनशास्त्र संबंधी (बायोकेमिकल) और जीवरसायनशास्त्र संबंधी
(हिस्टोलॉजिकल) मापदंडों में सुधार करता है
- ✓ जीन अभिव्यक्ति को नियंत्रित करता है

स्पिरुलिना के जैवसक्रिय पेप्टाइड (बायोएक्टिव पेप्टाइड) हमारे शरीर में महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। ये पेप्टाइड स्नायुसंचारी (न्यूरोट्रांसमीटर), हार्मोन, या एंटीबायोटिक्स की तरह काम करते हैं और शरीर की कोशिकाओं के साथ मिलकर शारीरिक कार्यों को बेहतर बनाते हैं। पॉलीसेकेराइड आंतों के समस्थिति को बनाए रखते हैं, ऑलिगोसेकेराइड लाभकारी रोगाणुओं के विकास को बढ़ावा देते हैं, रोगजनकों के खिलाफ माइक्रोबायोटा की रक्षा करते हैं, और जठरांत्र संबंधी कार्य और प्रतिरक्षा नियमन की रक्षा करते हैं। उपकोशिकीय स्तर पर स्पिरुलिना कोशिकाओं के प्रसार और फागोसाइटोसिस क्षमता को बढ़ावा देता है और IL-1β, और TNF-α के स्राव को उत्तेजित करता है। कैरोटीनॉयड मुक्त कणों को कम करता है, गैर–विशिष्ट और विशिष्ट प्रतिरक्षा प्रणाली दोनों को बढ़ाता है। एस्टैक्सैन्थिन "CYP1A" और "CYP1A2" विषहरण एंजाइमों को प्रेरित करता है। यह आईजीएम एंटीबॉडी–स्रावित कोशिकाओं की संख्या भी बढ़ाता है, MDA (मैलोनडायल्डिहाइड) के स्तर को कम करता है, SOD (सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज और CAT (कैटलेज) गतिविधि को बढ़ाता है, GSH (ग्लूटाथियोन) और GPx (ग्लूटाथियोन पेरोक्सीडेज) के स्तर को बढ़ाता है। स्पिरुलिना में पाए जाने वाले फाइकोसाइनिन नामक तत्व शरीर में मौजूद हानिकारक पदार्थों को साफ करने में मदद करते हैं। इसमें गामा–लिनोलेनिक एसिड भी होता है, जो प्रोस्टाग्लैंडिंस बनाने में मदद करता है। प्रोस्टाग्लैंडिंस खून की नलियों को चौड़ा करने, सूजन को कम करने और खून के थक्के बनने से रोकने में मदद करता है। स्पिरुलिना में एंटीजेनोटॉक्सिक प्रभाव भी होता है। यह डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) विखंडन का प्रतिशत कम करता है और डीएनए मरम्मत प्रक्रिया को बढ़ाता है। यह रक्तोद (सीरम) प्रोटीन और अन्नसार (एल्ब्यूमिन) के स्तर में सुधार करता है और यूरिया और क्रिएटिनिन के स्तर को कम करता है, रक्तवसा (कोलेस्ट्रॉल) और ट्राइग्लिसराइड का प्रबंधन करता है और इंसुलिन प्रतिरोध को बढ़ाता है।

निष्कर्ष

कम मात्रा में भी स्पिरुलिना मछली के स्वास्थ्य और विकास में सुधार कर सकता है। यह जलीय कृषि प्रजातियों के लिए आहार के पोषण मूल्य को प्रभावी ढंग से बढ़ाता है। स्पिरुलिना का उच्च प्रोटीन स्तर उन्हें इस यौगिक का एक अपरंपरागत स्रोत मानने का एक मुख्य कारण है।

पर्यावरणीय डीएनए: मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बेहतर बनाने का एक नया तरीका

सुप्रिया रानी, तनुजा कुलश्रेष्ठ
मात्स्यिकी महाविद्यालय, लेम्बुचेरा, (त्रिपुरा)

पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) जैव विविधता की निगरानी के लिए एक नई और प्रभावी तकनीक मानी जाती है। हाल ही में यह इसलिए लोकप्रिय हुई है क्योंकि यह बिना किसी जीव को पकड़े ही उसकी पहचान करने में मदद करती है। यह अनोखी विधि पर्यावरण में मौजूद डीएनए के छोटे अंशों का विश्लेषण करके जलीय जीवों का पता लगाने में उपयोगी साबित हो रही है। वैज्ञानिक ईडीएनए को इकट्ठा कर इसका विश्लेषण करके पानी में मौजूद जीवों की पहचान कर सकते हैं, उनकी संख्या को ट्रैक कर सकते हैं और यहां तक कि बाहरी या दुर्लभ प्रजातियों का भी पता लगा सकते हैं। यह लेख बताएगा कि कैसे ईडीएनए मत्स्य पालन और जलीय कृषि को कैसे बदल रहा है, इसके फायदे क्या हैं और इसमें कौन–कौन सी चुनौतियाँ आ सकती हैं।

पर्यावरण डीएनए (ईडीएनए) क्या है?

पर्यावरणीय डीएनए वह आनुवंशिक सामग्री है जो जीव अपने आसपास के वातावरण में छोड़ते हैं। यह मल, त्वचा या बाल गिरने, युग्मक छोड़ने और जैविक पदार्थ के सड़ने जैसी प्रक्रियाओं से होता है। एक बार मुक्त होने के बाद, ये डीएनए टुकड़े पर्यावरण में सीमित समय तक बने रहते हैं, जिससे शोधकर्ता पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) या अगली पीढ़ी के अनुक्रमण (एनजीएस) जैसी उन्नत आणविक तकनीकों का उपयोग करके उन्हें पकड़ सकते हैं और उनका विश्लेषण कर सकते हैं । इस विधि से बहुत कम संख्या में मौजूद प्रजातियों का पता भी आसानी से लगाया जा सकता है।

ईडीएनए कैसे काम करता है?

संग्रह और विश्लेषण में तीन प्रमुख चरण शामिल हैं:

- नमूना संग्रहः शोधकर्ता पर्यावरण के नमूने एकत्र करते हैं, जैसे कि पानी, मिट्टी या हवा। मत्स्य पालन और जलीय कृषि के लिए, पानी के नमूनों का आमतौर पर उपयोग किया जाता है ।
- डीएनए निकालना और बढ़ाना: ईडीएनए को नमूने से निकाला जाता है और पीसीआर जैसे जैसी आणविक तकनीकों से इसे बढ़ाया जाता है।
- अनुक्रमण और विश्लेषण: बढ़ाए गए डीएनए को अनुक्रमित (सीक्वेंस) किया जाता है और डेटाबेस से मिलाकर यह पहचाना जाता है कि कौन–कौन सी प्रजातियां मौजूद हैं।

यह तरीका बिना किसी जीव को नुकसान पहुँचाए जलीय जीवों की पहचान और निगरानी के लिए बहुत उपयोगी है।



पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) प्रौद्योगिकी में शामिल प्रक्रियाओं का अवलोकन

ईडीएनए का उपयोग करके मत्स्य पालन निगरानी में नवाचार

जलीय संसाधनों के निरंतर उपयोग के लिए मत्स्य प्रबंधन आवश्यक है। पारंपरिक तरीके, जैसे जाल लगाना, टैग लगाना और गिनती करना, अक्सर काफी श्रम–गहन की आवश्यकता होती है, समय लेने वाले होते हैं और जीवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ईडीएनए मत्स्य पालन निगरानी में कई लाभ प्रदान करता है।

- **प्रजातियों का पता लगाना और जैव विविधता का आकलन**

ईडीएनए तकनीक दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, खासकर उन जीवों के लिए जो पारंपरिक तरीकों

से आसानी से पकड़ में नहीं आते। उदाहरण के लिए, इस तकनीक का उपयोग स्टर्जन और ईल जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए किया गया है। इसके अलावा, यह पूरे क्षेत्र की जैव विविधता को समझने में मदद करता है, जिससे जैव विविधता हॉटस्पॉट की पहचान की जा सकती है। इन महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर उनके संरक्षण की प्रभावी योजनाएँ बनाई जा सकती हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है।

- **वास्तविक समय में मछली संसाधन का आकलन**

ईडीएनए तकनीक के माध्यम से समय–समय पर पानी के नमूने लेकर मछलियों की संख्या का सटीक आकलन किया जा सकता है। यह तरीका पारंपरिक मत्स्य सर्वेक्षण की तुलना में आसान और अधिक प्रभावी है, जिससे मछली पालन को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सकता है। सही जानकारी मिलने से मछली उत्पादन बढ़ाने और जल संसाधनों के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ईडीएनए तकनीक बाहरी और हानिकारक मछलियों की पहचान करने में भी सहायक है। यदि किसी जलाशय में आक्रामक प्रजातियाँ प्रवेश कर जाती हैं, तो वे वहां की मूल मछलियों और जलीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती हैं। समय पर इनका पता लगाना जल पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए, नॉर्थ अमेरिका में ईडीएनए का उपयोग एशियन कार्प जैसी आक्रामक मछलियों की पहचान के लिए किया गया है। इस तरह, ईडीएनए तकनीक जल संसाधनों के संरक्षण और मत्स्य पालन के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

- **बेहतर डेटा**

पारंपरिक तरीकों के मुकाबले ईडीएनए ज्यादा सही जानकारी देता है। यह पानी में मौजूद बहुत कम संख्या वाली मछलियों का भी पता लगा सकता है। इससे गणना में गलती कम होती है और सही आंकड़े मिलते हैं।

जलीय कृषि में संभावित अनुप्रयोग

मत्स्य पालन में कई समस्याएँ होती हैं, जैसे मछलियों में बीमारियाँ, जल की गुणवत्ता पर असर और उत्पादन में कमी। ईडीएनए की मदद से पानी की जांच आसान हो जाती है, जिससे मछलियों की देखभाल बेहतर होती है और उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

- **रोग का पता लगाना**

ईडीएनए तकनीक पानी में मौजूद बीमारियों के संकेत जल्दी पकड़ सकती है। यह पानी में बीमारी फैलाने वाले जीवों (रोगाणुओं) के छोटे–छोटे अंश पहचानकर मत्स्य पालकों को पहले से सतर्क कर देती है। इससे बीमारी फैलने से पहले ही उपाय किए जा सकते हैं। यह विधि सस्ती, आसान और बिना किसी नुकसान के पानी की जांच करने में मदद करती है, जिससे मछलियों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

- **पानी में शैवाल बढ़ने की समस्या और उसका समाधान**

जब पानी में अधिक पोषक तत्व (जैसे नाइट्रोजन और फॉस्फोरस) जमा हो जाते हैं, तो शैवाल तेजी से बढ़ने लगते हैं। इससे पानी की गुणवत्ता खराब होती है, जलजीवों को नुकसान होता है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकता है। ईडीएनए तकनीक पानी में मौजूद हानिकारक शैवाल प्रजातियों का पहले ही पता लगा सकती है। इससे समय पर जरूरी कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखना या विशेष दवाओं का प्रयोग करना। इस तरह जल स्रोत स्वच्छ और सुरक्षित बना रहता है, जिससे मछलियों और अन्य जलजीवों का जीवन सुरक्षित रहता है।

- **पारिस्थितिकी और पर्यावरण**

ईडीएनए तकनीक पर्यावरण और जैव विविधता की निगरानी करने का एक आधुनिक और सुरक्षित तरीका है। यह जीवों द्वारा पानी, मिट्टी या हवा में छोड़े गए आनुवंशिक पदार्थ (डीएनए) का विश्लेषण करके यह बताती है कि कौन–सी प्रजातियाँ कहाँ मौजूद हैं और उनका आपसी संबंध कैसा है। इस तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बिना किसी जीव को नुकसान पहुँचाए पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन करने में मदद करती है। नदियों, झीलों और समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले जीवों की संख्या, उनके फैलाव और किसी भी बदलाव की जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकती है। ईडीएनए तकनीक पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, संकटग्रस्त प्रजातियों की सुरक्षा करने और प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करने में मदद करती है। इससे

वैज्ञानिक और किसान समय पर सही कदम उठा सकते हैं, जिससे जल और भूमि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सकता है।

- **टिकाऊ प्रजनन कार्यक्रम**

ईडीएनए तकनीक से यह पता लगाया जा सकता है कि मछलियों में कितनी विविधता है। इससे मछली पालक यह समझ सकते हैं कि कौन–सी मछलियाँ प्रजनन के लिए बेहतर हैं, जिससे स्वस्थ मछलियाँ उत्तपादित की जा सकें । अगर एक ही नस्ल की मछलियों को बार–बार प्रजनन के लिए इस्तेमाल किया जाए, तो उनकी रोगों से लड़ने की ताकत कम हो सकती है, उनका विकास धीमा हो सकता है और उत्पादन घट सकता है। ईडीएनए की मदद से वैज्ञानिक पानी में मौजूद डीएनए का विश्लेषण करके सही मछलियों का चुनाव करने में मदद कर सकते हैं, जिससे इनब्रीडिंग (एक ही प्रजाति के नजदीकी संबंध वाली मछलियों के ज्यादा प्रजनन) की समस्या कम हो जाती है। इससे मछली पालन ज्यादा फायदेमंद और टिकाऊ बनता है। मछली पालकों को स्वस्थ और तेजी से बढ़ने वाली मछलियाँ मिलती हैं, जिससे उत्पादन अच्छा होता है और आमदनी बढ़ती है। साथ ही, यह तरीका जलीय पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है, जिससे लंबे समय तक मछली पालन आसानी से किया जा सकता है।

- **जल गुणवत्ता की निगरानी**

पर्यावरण डीएनए (ईडीएनए) तकनीक पानी की गुणवत्ता जांचने का एक उपयोगी तरीका है। यह पानी में मौजूद संकेतक जीवों का पता लगाकर उनकी संख्या का अंदाजा लगाने में मदद करता है। अगर पानी में प्रदूषण, पर्यावरणीय नुकसान या अन्य समस्याएं होती हैं, तो ईडीएनए संकेत बदल जाते हैं, जिससे इन समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। पानी का तापमान, ऑक्सीजन स्तर, पीएच मान और प्रदूषण का स्तर जल जीवों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। अगर पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तो मछलियों की बढ़त और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर बुरा असर पड़ता है। ईडीएनए तकनीक जल में मौजूद जीवों की विविधता और पर्यावरण में हो रहे बदलावों का विश्लेषण करके सही निर्णय लेने में मदद करती है। यह जल प्रदूषण का पता लगाने, पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों का आकलन करने और जल संसाधनों के संतुलित प्रबंधन को बढ़ावा देने में सहायक है।

ईडीएनए की चुनौतियाँ और सीमाएँ

ईडीएनए तकनीक पानी की गुणवत्ता जांचने और जलीय जीवों की पहचान करने का एक उपयोगी तरीका है, लेकिन इसमें कुछ सीमाएँ भी हैं, जिन्हें समझना जरूरी है :

- डीएनए का जल्दी नष्ट होनाः पानी में मौजूद डीएनए ज्यादा समय तक नहीं टिकता। सूरज की रोशनी (यू.वी. किरणें), पानी का तापमान और छोटे सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया) डीएनए को जल्दी तोड़ देते हैं। इससे सैंपल लेने का समय सीमित हो जाता है। अगर समय पर नमूने नहीं लिए जाएं, तो सटीक परिणाम नहीं मिल सकते।
- नमूनों का दूषित होना : जब पानी से ईडीएनए नमूने लिए जाते हैं, तो उसमें दूसरी जगहों से आया डीएनए मिल सकता है। उदाहरण के लिए, अगर उपकरण ठीक से साफ नहीं किए गए या किसी अन्य स्रोत से डीएनए पानी में आ गया, तो गलत नतीजे आ सकते हैं। इसलिए नमूने लेने और जांच करने के लिए बहुत सावधानी और साफ–सफाई की जरूरत होती है।
- डीएनए पहचान में गड़बड़ी : ईडीएनए जांच में कुछ खास प्रकार के डीएनए को पहचानने के लिए 'प्राइमर' नामक आणविक उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन कभी–कभी ये प्राइमर कुछ खास प्रजातियों के डीएनए को ज्यादा पहचानते हैं और बाकी को अनदेखा कर देते हैं। इससे परिणाम असंतुलित हो सकते हैं और कुछ प्रजातियाँ छूट सकती हैं।
- तकनीकी ज्ञान और खर्च : ईडीएनए जांच के लिए उन्नत प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षित वैज्ञानिकों की जरूरत होती है। इसे सही ढंग से करने के लिए महंगे उपकरण और विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है, जो छोटे स्तर पर इसे अपनाने में मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

इन चुनौतियों को हल करने के लिए जांच की प्रक्रिया को एकसमान और सही तरीके से किया जाना चाहिए और नई तकनीकों का विकास जरूरी है। इससे ईडीएनए तकनीक को ज्यादा भरोसेमंद और आसान बनाया जा सकता है।

भविष्य की दिशाएं

भविष्य की ओर देखते हुए, मत्स्य पालन और जलीय कृषि में ईडीएनए की क्षमता बहुत अधिक है। पोर्टेबल सीक्वेंसिंग डिवाइस जैसी प्रौद्योगिकी में प्रगति, ऑन–साइट ईडीएनए विश्लेषण को और अधिक सुविधाजनक बना सकती है, जिससे मत्स्य प्रबंधन और जलीय कृषि प्रथाओं दोनों में वास्तविक समय में निर्णय लेने में सहायत मिलती है । जैसे–जैसे ईडीएनए पर शोध का दायरा बढ़ता जा रहा है, ईडीएनए डेटाबेस का विकास प्रजातियों की पहचान को बढ़ाएगा, संरक्षण प्रयासों मजबूती देगा और नियामक नीतियों को बनाने में मदद करेगा । इसके अलावा, अगर ईडीएनए तकनीक को पारंपरिक निगरानी विधियों के साथ मिलाकर उपयोग किया जाए, तो मछलियों की संख्या, उनके व्यवहार और पूरे जल पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिति को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। जब ईडीएनए सर्वेक्षण को पर्यावरणीय आकलन और सामाजिक–आर्थिक कारकों के साथ मिलाकर देखा जाएगा, तो यह मत्स्य पालन और जलीय कृषि में टिकाऊ (सस्टेनेबल) तरीकों को बढ़ावा देगा। इससे किसानों और मत्स्य पालकों को अधिक लाभ मिलेगा और जल संसाधनों की सुरक्षा भी होगी।

निष्कर्ष

पर्यावरण डीएनए मत्स्य पालन और जलीय कृषि में जलीय प्रजातियों की निगरानी और प्रबंधन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। यह विधि बिना किसी जीव को नुकसान पहुँचाए, कम खर्चीली और अधिक संवेदनशील होती है, जिससे पारंपरिक तरीकों की तुलना में अधिक सटीक जानकारी मिलती है। हालांकि कुछ चुनौतियाँ अभी भी हैं, लेकिन अगर ईडीएनए तकनीक में सुधार होता रहे और वैज्ञानिकों, उद्योग से जुड़े लोगों व नीति बनाने वालों का सहयोग बना रहे, तो इसकी पूरी क्षमता का सही उपयोग किया जा सकता है। ईडीएनए केवल एक उपकरण नहीं है, यह जैव विविधता निगरानी और संधारणीय संसाधन प्रबंधन के प्रति हमारे दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।

मत्स्य और मत्स्य उत्पादों में मूल्य संवर्धन

मोहम्मद अमन हसन, परमानंद प्रभाकर, पूजा सकलानी, अभिषेक ठाकुर
मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज (बिहार)

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि वर्तमान में मछली ने विकसित और विकासशील दोनों ही देशो में स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है। दुनिया भर के लोग मछली पर पशु प्रोटीन के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में निर्भर हैं, जो मछली से कम से कम 15–20 प्रतिशत प्रोटीन प्राप्त करते हैं। मछली के प्रोटीन अधिकांश आवश्यक अमीनो एसिड के मामले में संतुलित होते हैं। मछली के प्रोटीन आसानी से पचने योग्य होते हैं और लाइसिन से भरपूर होते हैं। लाइसिन की कमी अधिकांश अनाज, बाजरा और जड़ वाली फसलों आदि में पाई जाती है, जो विकासशील देशों की आबादी के एक बड़े हिस्से के आहार का बड़ा हिस्सा हैं। इस प्रकारं, मछली अनाज से भरपूर आहार के लिए एक उत्कृष्ट पूरक प्रोटीन युक्त भोजन बनाती है। मछली आसानी से पचने योग्य प्रोटीन का एक समृद्ध स्रोत है और मानव पोषण के लिए पॉली अनसेचुरेटेड फैटी एसिड (पीयुफए), विटामिन और खनिज भी प्रदान करती है। 2022 में, वैश्विक मछली उत्पादन 185 मिलियन टन था, जिसमें से 164.6 मिलियन टन मानव उपभोग के लिए उपयोग किया गया था। कुल मछली उत्पादन में से 20.8 मिलियन टन का उपयोग मछली के भोजन और तेल जैसे गैर–खाद्य उत्पादों के लिए किया गया। यह भी बताया गया है कि 2022 में, मछली के मानव उपभोग का 38 प्रतिशत जीवित और ताजा रूप में तथा 62 प्रतिशत किसी न किसी रूप में प्रसंस्करण से गुजरने के बाद उपयोग किया गया हैं (एसओएफआईए 2024)। इस प्रसंस्कृत मछली का लगभग 80 प्रतिशत जमे हुए, ठीक किए गए, तैयार या संरक्षित रूप में सीधे मानव उपभोग के लिए उत्पादों के निर्माण के लिए इस्तेमाल किया गया था। हालाँकि कई व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मछली की प्रजातियों की आपूर्ति कम हो रही है, लेकिन वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में, उपलब्ध मछलियों की एक महत्वपूर्ण मात्रा का कम उपयोग किया जाता है।

चित्र सं॰: 1 मूल्य वर्धित मत्स्य उत्पाद

ये मछली प्रजातियाँ ज्यादातर लक्षित प्रजातियों जैसे झींगा, अन्य किमती मछली पकड़ने के दौरान पकड़ी गई मछलियों से बनी होती हैं। इसके अलावा, पेलाजिक, डेमर्सल और अपरंपरागत मछली प्रजातियों की कई किस्मों का मानव भोजन के लिए पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जाता है। इन मछलियों में एन्कोवी, बाराकुडा, बॉम्बे डक, कैट फिश, क्रॉकर, फ्लाइंग फिश, गारफिश, ग्रे मुलेट, हेक, हेरिंग, हॉर्स मैकेरल, ज्यू फिश, लेदर जैकेट, मैकेरल, पोनी फिश, रे, रॉक कॉड, सार्डिन, स्कैड्स और स्पैनिश मैकेरल आदि शामिल हैं। कुल पकड़ी गई मछलियों का एक बड़ा हिस्सा अनाकर्षक रंग, स्वाद, बनावट, छोटे आकार और उच्च वसा युक्त पदार्थों से संबंधित अंतर्निहित समस्याओं के कारण अप्रयुक्त रह जाता है। इनमें से अधिकांश, कम उपयोग की जाने वाली मछलियाँ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध पेलजिक प्रजातियों की हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ट्रॉलर ;नावोंद्ध द्वारा पकड़ी गई 70 प्रतिशत से अधिक मछलियाँ कम मूल्य वाली मछलियाँ होती हैं जिन्हें बाय–कैच कहा जाता। परंपरागत रूप से, इस बाय–कैच मछली को समुद्र तट पर धूप में सुखाया जाता है या मछली के भोजन या खाद में बदल दिया जाता है। हालांकि कुछ प्रजातियों का औद्योगिक रूप से मछली के

भोजन के निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन पकड़ने के बाद मत्स्य पालन में होने वाले नुकसान को रोकने के लिए मानव उपभोग के लिए उनके संरक्षण और उपयोग की आवश्यकता को पहचाना गया है। यांत्रिक रूप से हड्डियों को अलग करके मांस और मूल्यवर्धित उत्पादों का विकास संभवतः सबसे आशाजनक दृष्टिकोण हैं और इससे कम लागत वाले मत्स्य संसाधनों से कीमा का उपयोग करके उत्पाद विकास की शुरुआत की है। इनमें सुरीमी तथा सुरीमी–आधारित उत्पाद, सॉसेज, किण्वित उत्पाद, प्रोटीन सांद्र, हाइड्रोलिसेट एवं एक्सट्रूडेड उत्पाद शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के दोहरे लाभ, अर्थात् कम मूल्य वाली मछली प्रजातियों के बेहतर उपयोग के तरीके खोजना और प्रोटीन युक्त सुविधा जनक खाद्य पदार्थ प्रदान करना, मूल्य संवर्धन के मुख्य परिणाम के रूप में बताए गए हैं। मूल्य संवर्धन ने उप–पकड़ और कम मूल्य वाली मछली के लाभदायक उपयोग के लिए एक नया क्षेत्र खोल दिया है। चूंकि ये उत्पाद उच्च मूल्य वाली मछली आधारित लेपित उत्पाद हैं, इसलिए आर्थिक गतिविधि उत्पादन और वितरण नेटवर्क में सभी को अच्छा लाभांश दे सकती है। इन सभी उत्पादों में अच्छे उत्पाद गुण होते हैं जो हमारे समाज के विभिन्न वर्गों के उपभोक्ताओं को आकर्षित करते हैं। वे रेडी–टू–ईट या रेडी–टू–कुक मूल्य वर्धित उत्पादों की श्रेणी में आते हैं, जिनमें अच्छा स्वाद और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।

